श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 218, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 6 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जल जीवन मिशन के तहत 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को मिला नल से जल



**नई दिल्ली: जल** जीवन मिशन ने 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन देकर एक और मील का पत्थर हासिल किया है। ग्रामीण नल कनेक्शन देने के मिशन के तहत अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर केवल चार वर्ष में 13 करोड़ घर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक अब देश के 145 जिलों और 1,86,818 गांवों में सौ प्रतिशत नल से जलापूर्ति हो रही है। हर सेकंड एक नल जल का कनेक्शन दिया जा रहा है जिससे देश का ग्रामीण परिदृश्य बदल रहा है। एक जनवरी 2023 से हर दिन औसतन 87,500 नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

# विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीम घोषित

## सूर्यकुमार, केएल राहुल को मौका, संजू सैमसन, तिलक बाहर

**कैंडी: भारतीय** क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने मंगलवार को यहां कैंडी में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम लगभग एशिया कप टीम जैसी ही है, तिलक वर्मा, संजू सैमसन और प्रसिद्ध कृष्णा को टीम से बाहर रखा गया है। भारत चार तेज गेंदबाजों शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज व तीन स्पिनर रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के साथ उतर रहा है। टीम में केएल राहुल की वापसी हुई है, जिन्हें साल की शुरूआत में आईपीएल में जांघ में चोट लग गई थी, हालांकि वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं और संभवतः श्रीलंका में एशिया कप के बाद के चरणों के दौरान भारतीय टीम से जुड़ेंगे। राहुल के टीम में होने से संजू सैमसन बाहर हो गए हैं, साथ ही तिलक वर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा भी बाहर हो गए हैं। विश्व कप गुरुवार, 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और पहले मैच में 2019 के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भिड़ेंगे। रविवार, 19 नवंबर को उसी स्थान पर फाइनल मैच भी खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच



से करेगा। अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप में दस टीमें भाग लेंगी, जो 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक 10 स्थानों पर खेला जाएगा, जिसमें अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम टूनार्मेंट के उद्घाटन और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस आयोजन में 46 दिनों में 48 मैच खेले जाएंगे। अहमदाबाद और चेन्नई के अलावा अन्य स्थान बेंगलुरु, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे हैं।

जबकि गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम अभ्यास खेलों की मेजबानी में हैदराबाद के साथ शामिल होंगे। विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार हैः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।

## जी20 के निमंत्रण पत्र पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखने पर बिफरा विपक्ष

# 'इंडिया'-'भारत' पर सरकार-विपक्ष में ठनी

**नई दिल्ली। राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू की ओर से जी20 देशों के नेताओं को 9 सितंबर को 'भारत मंडपम' में रात्रिभोज के लिए भेजे गए आधिकारिक निमंत्रण पत्र में इस बार उनके लिए 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' के संबोधन का प्रयोग किया गया है। इससे पहले प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया लिखे जाने की परंपरा थी।

राष्ट्रपति भवन से आधिकारिक निमंत्रण पत्र में भारत शब्द के प्रयोग के बाद पक्ष विपक्ष की राजनीति आरंभ हो गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति भवन ने 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए प्रेसीडेंट ऑफ भारत के नाम पर निमंत्रण भेजा है। संविधान में अनुच्छेद एक के अनुसार, भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक संघ होगा लेकिन अब इस 'राज्यों के संघ' पर भी हमला हो रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि मोदी इतिहास को विकृत करना और इंडिया को विभाजित करना जारी रख सकते हैं, जो भारत है, जो राज्यों का संघ है। लेकिन हम विचलित नहीं होंगे। आखिर क्या है आईएनडीआईए पार्टियों का उद्देश्य यही है। यह भारत है-सद्भाव, मैत्री, मेल-मिलाप और विश्वास लाओ। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया!। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि हालांकि इंडिया को भारत कहने में कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है, जो देश के दो आधिकारिक नामों में से एक है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार इतनी मूर्ख नहीं होगी कि इंडिया से पूरी तरह से छुटकारा पा ले, जिसकी सदियों से बनी अनगिनत ब्रांड वैल्यू है। हमें इतिहास के उस नाम पर अपना दावा छोड़ने के बजाय दोनों शब्दों का उपयोग जारी रखना चाहिए, एक ऐसा नाम जिसे दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में असम में एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने लोगों से अपील की थी कि वे इंडिया के स्थान पर देश के लिए भारत शब्द का प्रयोग करें। क्रिकेट खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग का कहना है कि उनका हमेशा से मानना रहा है कि नाम ऐसा होना चाहिए जो हममें गर्व पैदा करे। हम भारतीय हैं, इंडिया अंग्रेजों द्वारा दिया गया एक नाम है और हमारा मूल नाम 'भारत' को आधिकारिक तौर पर वापस पाने में बहुत समय लग गया है। मैं बीसीसीआई और जयशाह से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि इस विश्व कप में हमारे खिलाड़ियों के सीने पर भारत हो। उन्होंने आगे कहा कि 1996 के विश्व कप में, नीदरलैंड भारत में विश्व कप में हॉलैंड के




### 'यह देश के साथ गद्दारी है...': सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली: दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा पर बरस पड़े। उन्होंने देश का नाम बदलने को लेकर लग रहे कयासों पर पूछे गए सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों ने उनसे राष्ट्रपति भवन में जी20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज का निमंत्रण 'भारत के राष्ट्रपति' के नाम पर भेजे जाने पर जब सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरे पास ऐसी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। लेकिन जैसा आप लोग बता रहे हैं और मेरे पास उड़ती-उड़ती खबर आई है तो वो ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कुछ पार्टियों ने मिलकर एक समूह बनाया है जिसका नाम इंडिया रखा है।

देश 140 करोड़ लोगों का है: केजरीवाल आगे बोले, 'अगर किसी पार्टी का गठबंधन 'कठऊकअ' बन जाता है तो वे (भाजपा) देश का नाम बदल देंगे? देश 140 करोड़ लोगों का है, किसी एक पार्टी का नहीं।' वह आगे बोले, 'अगर कल इंडिया गठबंधन का नाम बदलकर भारत रख लिया जाता तो क्या वे (भाजपा) भारत का नाम भी बदल देंगे? भाजपा के वोट कम ना हो जाएं इसलिए वे ऐसा कर रहे हैं।

### 'भारत बोलने और लिखने पर क्यों दिक्कत हो रही'

**भाजपा** राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा, भारत बोलने और लिखने पर क्यों दिक्कत हो रही है। पुरातत्व काल में हमारे देश का नाम भारत है और संविधान में भी इसको स्पष्ट किया है। बेवजह और जानबूझकर भ्रम पैदा कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

यूपी के डिप्टी सीएम बोले- जिन्हें भारत से प्यार नहीं, वे सवाल उठाएंगे ही: कांग्रेस नेता जयराम रमेश के दावे पर कि राष्ट्रपति भवन में जी-20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज का निमंत्रण 'भारत के राष्ट्रपति' के नाम पर भेजा गया है के सवाल पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत से हर किसी को प्यार है और हर देश वासी को प्यार है। अब जिनको भारत से प्यार नहीं वह इस पर सवाल उठाएंगे।

यह नाम हमारे पूर्वजों ने दिया: लेखी

राष्ट्रपति भवन में जी-20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज का निमंत्रण 'भारत के राष्ट्रपति' के नाम से भेजे जाने पर केंद्रीय मंत्री मिनाक्षी लेखी ने कहा कि भारत की प्रधानता तो संविधान ही देता है। हमारी मातृ भूमि भारत का नाम हमने नहीं दिया, ये हमारे पूर्वजों ने दिया है। विष्णु पुराण के एक श्लोक में लिखा है, 'उत्तरं यत समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम् वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्तति:' जिसका मतलब है कि समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में जो भू-भाग है, उसका नाम भारत है। इसमें रहने वाले लोगों के नाम भारतीय हैं। अब विष्णु पुराण से किसी को आपत्ति हो सकती है?

कैसे हुई है भारत और इंडिया शब्द की उत्पत्ति?

हमारे देश का नाम भारत रखे जाने का इतिहास प्राचीन काल और पौराणिक कथाओं से जुड़ता है।

## भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता करना एक गौरवशाली क्षण: अनुराग

**नई दिल्ली: केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स में तैयार किए गए अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने मीडिया कर्मियों से कहा कि भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता करना एक गौरवशाली क्षण है। हमने 'वसुधैव कुटुंबकम' की थीम पर तैयारी की है। अब तक देश के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें हुई हैं



जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया है। तैयारियों के बारे में बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में 78 स्थानों पर यूएचडी टीवी स्क्रीन और 4000 कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन कैमरे भी लगाए गए हैं।

## भाजपा ने उदयनिधि स्टालिन को बताया तानाशाह हिटलर

**नई दिल्ली: डीएमके** नेता और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के खिलाफ दिए बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निशाना साधा है। भाजपा ने उदयनिधि स्टालिन की तुलना जर्मनी के पूर्व तानाशाह हिटलर से कर दी है। मंगलवार को भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि हिटलर ने जिस तरह से यहूदियों के बारे में बताया था, उसमें और उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के खिलाफ दिए ।

## धारा 370: सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने अनुच्छेद 370 को लेकर दाखिल की गई याचिकाओं पर मंगलवार को सोलहवें दिन सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले पर संविधान बेंच 2 अगस्त से सुनवाई कर रही थी। आज सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अकबर लोन के दिए बयानों का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले लोन ने एक आतंकी घटना के बाद



मारे गए आतंकियों के प्रति सहानुभूति जताई थी, जबकि उस घटना में आम नागरिक और सैनिक भी शहीद हुए थे। आज कश्मीरी पीड़ितों के संगठन रूट इन कश्मीर ने मोहम्मद अकबर के बयानों को लेकर एक और हलफनामा कोर्ट में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील गोपाल शंकर नारायणन ने केंद्र के हलफनामे पर ऐतराज जताते हुए कहा कि केंद्र अलगाववादी एजेंडा को शह देने का आरोप लगा रहा है।

## राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली: कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। याचिका लखनऊ के वकील अशोक पांडेय ने दायर की है।

याचिका में कहा गया है कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) और संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 के तहत एक बार अगर कोई संसद का सदस्य सदस्यता खो देता है तो बिना आरोपों से बरी हुए उसकी सदस्यता बहाल नहीं हो



सकती है। गौरतलब है कि मोदी सरनेम वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने 7 अगस्त को राहुल गांधी की सदस्यता बहाल कर दी थी।

## नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच चलेंगी स्पेशल रेलगाड़ियां

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच बुधवार से स्पेशल रेलगाड़ियां चलेंगी। यह रेलगाड़िया दोनों दिशाओं में कुल चार फेरे लगाएंगी। उत्तर रेलवे ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि रेलयात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़भाड़ के मद्देनजर नई दिल्ली- श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच स्पेशल रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलगाड़ी संख्या 04071 नई दिल्ली- श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा गति शक्ति स्पेशल रेलगाड़ी 06 सितंबर को नई दिल्ली से रात्रि 11.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाह्न 11:25 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी।

## जनजातीय समाज के लिए की गई सभी 14 घोषणाओं को किया पूरा: शिवराज

**मंडला: मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनजातीय समाज के लिए मैंने 14 घोषणाएं की थीं और इन सभी घोषणाओं को पूरा करने का काम मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है। कांग्रेस ने कभी जनजातीय योद्धाओं को सम्मान नहीं दिया। उसने हमेशा जनजातीय समाज का शोषण किया है। यह भाजपा की सरकार है, जिसने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए काम किया है। कांग्रेस को एक परिवार को अलावा दूसरे महानायकों के नाम ही याद नहीं हैं।



हम सरकार नहीं परिवार चलाते हैं। पेसा एक्ट भी भाजपा सरकार ने लागू किया है। मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को मंडला में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में जन आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज मंडला की पवित्र धरती पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पधारे हैं, उनका मैं मध्यप्रदेश की धरती पर ह्दय से स्वागत करता हूं। आज मंडला और मध्यप्रदेश के लिए शुभ दिन है, क्योंकि आज लंबे समय बाद बारिश शुरू हुई है। कल ही मैंने बाबा महाकाल से बारिश के लिए प्रार्थना की थी। आज किसानों की इच्छा पूरी हुई है लेकिन मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कोई भी संकट आए।

### 3 आरोपितों को दस-दस वर्ष का कारावास की सजा सुनाई गई, सात आरोपितों के खिलाफ साक्ष्य न मिलने से आरोपमुक्त किए गए

## बिकरू कांड: 23 आरोपितों को सजा, 8 पुलिसवालों की हुई थी हत्या

**कानपुर देहात : बिकरू के** गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया। जिसमें 30 में से 23 आरोपितों को दस-दस वर्ष का कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके अतिरिक्त सभी दोषियों पर 50-50 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। वहीं सात आरोपितों के खिलाफ साक्ष्य न मिलने से आरोपमुक्त किए गए हैं।

मामले का फैसला आने से पहले ही कोर्ट परिसर व आसपास भारी संख्या में पुलिसबल तैनात था।

क्या हुआ था बिकरू कांड में: बता दें उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात के चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग और



उसके अन्य साथियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग घायल हो गए थे। इस केस के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। जिसें विकास दुबे एसटीएफ के इनकाउंटर में मारा गया था। मामले में पुलिस ने 30 आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी, जिसकी सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायालय पंचम में चल रही है।

इन आरोपितों को मिली सजा: कोर्ट ने 23 आरोपितों जिनमें बिकरू गांव का हीरू दुबे, श्यामू बाजपेई, जहान यादव, दयाशंकर अग्निहोत्री, बबलू मुसलमान, रामू बाजपेयी, शशिकांत पांडेय, शिवम दुबे, गोविंद सैनी, उमाकांत, शिवम दुबे उर्फ दलाल, शिव तिवारी, जिलेदार, राम सिंह यादव, जय बाजपेई, धीरेंद्र कुमार, मनीष, सुरेश, गोपाल, वीर सिंह, राहुल पाल, अखिलेश उर्फ श्यामजी, छोटू शुक्ला को गैंगस्टर मामले में दोषसिद्ध किया है।

## देश में यूपीआई से लेनदेन 100 अरब तक पहुंचने की क्षमता: दिलीप असबे

**मुंबई/नई दिल्ली: भारतीय** राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप असबे ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए 100 अरब से भी अधिक लेन-देन करने की क्षमता है। यह देश में यूपीआई से मौजूदा समय में होने वाले मासिक लेन-देन का 10 गुना होगा।

दिलीप असबे ने मंगलवार को यहां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2023 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पास यूपीआई के जरिये 100 अरब से भी अधिक लेन-देन करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि कहा कि वर्तमान में देश के भीतर 35 करोड़ लोग यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं। इनकी मौजूदा संख्या में तीन गुना बढ़ोतरी की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि अगर आप इसके सम्मिलित प्रभाव को लें तो हम मौजूदा स्थिति से 10 गुना लेन-देन तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, दिलीप असबे ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए किसी समय-सीमा का उल्लेख नहीं किया लेकिन उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक यूपीआई से रोजाना दो अरब लेन-देन होने लगेगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में एकीकृत भुगतान मंच के तौर पर यूपीआई की शुरूआत के बाद से इसके जरिए होने वाले लेन-देन की संख्या अगस्त महीने में 10 अरब के पार पहुंच गई है।

# गुरु-शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का अहम हिस्सा : अंकिता खेड़ा

अखंड भारत संदेश







**मेजा।** शिक्षक उस माली के समान है जो एक बगीचे को अलग अलग रूप रंग के फूलों से सजाता और सवांरता है गुरु शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। उक्त उद्गागार जनवार स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेड़ा ने मंगलवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चो को संबोधित करती हुई ब्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर का दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और उनकी जीवनी को याद करके शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा में बहुत विश्वास रखते थे वे एक महान दार्शनिक और योग्य शिक्षक थे। उन्हें शिक्षा से बेहद लगाव था एक आदर्श शिक्षक के सभी गुण उनमें विद्यमान थे। आगे उन्होंने कहा कि गुरु शिष्य परम्परा भारत की संस्कृति का एक अहम हिस्सा है जो शिक्षक दिवस के रूप में प्रतिवर्ष पांच सितंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन को माल्यार्पण और श्रद्धांजलि देकर की गई इस दौरान स्कूल के बच्चो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति भी को गई। इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक खेड़ा ने भी पांच सितंबर के दिन पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने इस अवसर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए उनका आभार ब्यक्त किया।

# दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज गोसोरा कला में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में चंपारण इस्टेट गोसौरा कला मेजा स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में शिक्षक दिवस पड़े धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर जैसे ही शिक्षक विद्यालय में प्रवेश किये तो गेंदे और गुलाब के फूल की पंखुड़िया फेंक कर उनका स्वागत किया। फिर बाद में विद्यालय में बच्चों ने अपने शिक्षकों के पैर धूल कर टीका लगाकर माला पहनकर आरती उतारा और पूर्ण सनातन तरीके से शिक्षक दिवस मनाया बाद में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम एवं स्वागत गीत के द्वारा शिक्षकों का स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर स्वतंत्र मिश्रा ने बताया कि गुरुजनों के द्वारा दिए दी गई शिक्षा से ही छात्रों का भविष्य उज्जवल होता है शिक्षक और छात्र का संबंध हो ऐसा ही होता है। जैसे एक पिता और पुत्र का होता है एक कुम्हार और मिट्टी का होता है शिक्षक अपने छात्र को हमेशा अपना उत्कृष्ट देकर उसे ऊंचाइयों पर देखना चाहता है। और इसमें दुर्गावती के शिक्षक पूर्णतया दक्ष हैं साथ ही प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं से भी अपील किया कि वह अपने शिक्षकों के द्वारा दिए गए शिक्षा को अपने जीवन में उतारे और सफलता के मार्ग पर अग्रसर रहें। यही मेरी शुभकामना है। इस अवसर पर सृजन मिश्रा ,अंकुर सिंह ,जूबी, जुबेरिया ,कुमार गौरव ,अरविंद ऋषि प्रजापति ,प्रशांत श्रीवास्तव सत्यम सिंह ,अनुपम सरोज आकांक्षा ,अंशिका प्रिंसी ,ऊर्विका आदि उपस्थित रहे ।



## भारद्वाज गुरूकुलम में मनाया गया शिक्षक दिवस

**फूलपुर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मंगलवार को रूदापुर स्थित भारद्वाज गुरु कुलम संस्थान में मनाई गई। संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करते उनके संघर्षों को नमन किया। समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए विनय उपाध्याय ने कहा की शिक्षक अपने शिष्य को शून्य से सफलता के शिखर तक ले जाने का कार्य करता है। इसलिए गुरु सदैव वन्दनीय होता है। शिक्षक की महत्ता को बताते हुए उन्होंने कहा की जीवन में हर्ष और आनंद केवल ज्ञान और विज्ञान से संभव है जिसे सिर्फ शिक्षक ही प्रदान कर सकता है। शिक्षक दिवस हमारे संकल्प आत्मबोध और कर्तव्य बोध का दिवस है। गुरुजनों को ऐसे ही शिष्य का निर्माण करना चाहिए जो देश की किसी भी चुनौती का सामना करते हुए आदर्श स्थापित करें। इस अवसर पर शिक्षकों ने गुरु शिष्य के महत्व पर ब्यापक प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षकों के साथ ही मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय कुमार शर्मा, चंद्र प्रकाश मौर्य, प्रमोदित यादव, अनुभव वर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, अखिलेश शर्मा, सुरक्षा निषाद, अर्पिता कुशवाहा, सविता गुप्ता, रागिनी दुबे, मारिया बानो, साक्षी यादव, निविता पाल,निमार्ता पाल,व महिमा सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यालय के अध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस : भारतेन्द्र त्रिपाठी डायट पर सम्मानित



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** शिक्षक दिवस पर विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा देवनहरी निवासी शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी को जिलास्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के सभागार में शिक्षक दिवस पर उन्हें जिलास्तरीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी की उपस्थिति में डायट प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने उन्हें स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। जिससे सभी ने विद्यालय में उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा किया। वह वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में कार्यरत हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में वह अठारह वर्षों से बेहतर शिक्षक के रुप में बच्चों के लिए समर्पित होकर शिक्षण कार्य कर रहें हैं। ज्ञातव्य है कि भारतेन्द्र त्रिपाठी शिक्षक ही नही बल्कि एक अच्छे लेखक व कवि भी हैं। उनके दो काव्य संग्रह व एक दर्जन से अधिक साझा काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुका है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में उनके लेख, कहानी, कविता व संस्मरण प्रकाशित होते रहते हैं। उनके सम्मानित होने पर जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार पाण्डेय, जिला महामंत्री राजेंद्र अनुरागी, फूलपुर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र मिश्र सहित अनेक शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए मऊआइमा के जिया उद्दीन और यासिर




**मऊआइमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट प्रयागराज में शिक्षक दिवस के अवसर पर डायट प्राचार्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज ने परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक अवस्थापना के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों के शिक्षक क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की गई। सम्मानित शिक्षकों में जियाउद्दीन प्राथमिक विद्यालय डीह बहरिया प्रयागराज और यासिर मोहम्मद इकबाल संविलियन विद्यालय पिलखुआ मऊआइमा प्रयागराज भी शामिल थे। मऊआइमा कस्बा निवासी इन दोनों शिक्षकों के सम्मानित होने पर कस्बा वासियों, शिक्षक साथियों एवं दोस्तों ने उन्हें बधाई दी। इनके अलावा जिले के विभिन्न ब्लॉकों के कई अन्य शिक्षक भी सम्मानित किए गए।

# संतान की दीघार्यु के लिए महिलाओं ने की ललही छठ की पूजा



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ललही छठ का का पर्व क्षेत्र में मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने व्रत रख पुत्र के दीघार्यु होने की कामना की। भादों मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी के दिन होने वाले इस त्योहार पर व्रती महिलाएं दिनभर व्रत कर पूजा आरती करने के बाद नदी या तालाब में उगने वाले, बिना हल चलाए पैदा होने वाले बोरो चावल और दही खाकर व्रत तोड़ती हैं। जन्माष्टमी से पहले हर साल पड़ने वाले हलषष्ठी या ललही छठ का त्योहार मंगलवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया।

जगह-जगह छीउल व कुस को जमीन में गाड़कर सामूहिक रूप से पूजा की गई। पुत्रों की दीघार्यु व पुत्र प्राप्ति के लिए विवाहिता महिलाओं ने व्रत भी रखा। श्रीनारायण शुक्ल ₹लड्डू गुरु₹ ने बताया कि भाद्रप्रद कृष्ण पक्ष की षष्ठी को मनाए जाने वाले इस पर्व के दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। ललही छठ पर माताएं जल्द ही सुबह उठकर स्नान करते हुए सबसे पहले सूर्यदेव को जल अर्पित करके व्रत का संकल्प लिया। माताएं हलषष्ठी का व्रत संतान की खुशहाली एवं दीघार्यु की प्राप्ति के लिए और नवविवाहित स्त्रियां भी संतान की प्राप्ति के लिए किया। मान्यता के अनुसार इस व्रत में इस दिन दूध, घी, सूखे मेवे, लाल चावल आदि का सेवन किया जाता है। इस दिन गाय के दूध व दही का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा इस दिन हल से जोते गए किसी भी अन्न का ग्रहण नहीं किया जाता है। इस व्रत के दिन घर या बाहर कहीं भी दीवार पर भैंस के गोबर से छठ माता का चित्र बनाते हैं। उसके बाद भगवान गणेश और माता पार्वती की पूजा की जाती है। महिलाएं घर में ही गोबर से प्रतीक रूप में तालाब बनाकर, उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी के पेड़ लगाती हैं और वहां पर बैठकर पूजा अर्चना करती हैं एवं हलषष्ठी की कथा सुनती हैं। लड्डू गुरु ने बताया कि इसके पीछे मान्यता है कि जब कंस को पता चला कि वासुदेव और देवकी की संतान उसकी मृत्यु का कारण बनेगी तो उसने उन्हें कारागार में डाल दिया। छह संतानों का कंस ने वध कर डाला। सातवां पुत्र होना था, तब उनकी रक्षा के लिए नारद मुनि ने उन्हें हलष्ठी माता की व्रत करने की सलाह दी, जिससे उनका पुत्र कंस के कोप से सुरक्षित हो जाए।देवकी ने व्रत किया और इसके प्रभाव से भगवान ने योगमाया से कहकर देवकी के गर्भ में पल रहे बच्चे को रानी के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया। इससे कंस भी धोखा खा गया। उसने समझा कि देवकी का सातवां पुत्र जिंदा नहीं है। उधर, रोहिणी के गर्भ से बलराम का जन्म हुआ। देवकी को आठवें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण की प्राप्ति हुई। देवकी के व्रत से दोनों पुत्रों की रक्षा हुई। तभी से ललही छठ त्योहार पर महिलाएं व्रत रखकर पूजा अर्चना करती हैं।

## पुत्र की दीघार्यु के लिए महिलाओं ने रखा ललहीं छठ का व्रत



**नैनी।** नैनी के राम मंदिर में महिलाओं ने पूजा पाठ की पुत्र की दीघार्यु के निमित्त ललही छठ का व्रत, पूजन श्रद्धापूर्वक किया। घरों में महिलाएं सुबह से ही पूजन अर्चन की तैयारी मे लग गई थी। 11: बजे के बाद से महिलाओं ने घर व आंगन में कुश, पलाश या की लंबी आयु का आशीष मांगा। कई घरों में महिलाएं सामूहिक रूप से पूजन करी है और छठ मइया की कथा सुनी। समाज सेविका आकांक्षा जयसवाल नीतू गुप्ता बताती है कि कि ललही छठ के दिन बलराम का जन्म हुआ था। इसलिए इसे हलषष्ठी भी कहते हैं।

## व्रती महिलाएं हल छठ पर किया विधि विधान से पूजन अर्चन



**सहसों।** हल छठ पर क्षेत्र की व्रती महिलाएं छठ तिथि पर मंगलवार को मध्यांह में कांसा एवं छियुल के पत्ते को शुद्ध जमीन पर गाड़कर अर्घ्य बनाकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया तथा दही महुआ गुड़ का प्रसाद चढ़ाकर पुत्र प्राप्ति एवं पुत्र की दीघार्यु की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात लोगों में प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर व्रती महिलाएं पूजा स्थल पर बैठकर आपस में भजन, सोहर एवं छठ की पारंपरिक कथा भी सुनती सुनातीं हैं। शास्त्रों के अनुसार भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता श्री बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन श्री बलरामजी का जन्म हुआ था। पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक ग्वालिन थी। उसका प्रसवकाल अत्यंत निकट था। एक ओर वह प्रसव से व्याकुल थी तो दूसरी ओर उसका मन गौ-रस (दूध-दही) बेचने में लगा हुआ था। उसने सोचा कि यदि प्रसव हो गया तो गौ-रस यूं ही पड़ा रह जाएगा। यह सोचकर उसने दूध-दही के घड़े को सिर पर रखे और बेचने के लिए चल दी किन्तु कुछ दूर पहुंचने पर उसे असहनीय प्रसव पीड़ा हुई। वह एक झरबेरी की ओट में चली गई और वहां एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे को वहीं पर छोड़कर गाय एवं भैंस की मिश्रित दही दूध झूठ बोलकर बचने के लिए गांव में चली गई परिणाम स्वरूप खेत में हल चला रहे किसान के हल से उसके बच्चे की मृत्यु हो गई । किसान पश्चाताप करते हुए अपने घर को चला गया। कुछ देर बाद वह ग्वालिन जब लौट कर आई देखी तो बच्चे को मरा हुआ पाई। यह दृश्य देख उस ग्वालिन को एहसास होने पर गांव में लोगों से झूठ बोलकर मिश्रित दही दूध बेचने का माफी मांगने में लगी जिस पर लोगों ने उसे माफ कर दिया। ईश्वरीय चमत्कार के कारण फिर जब वह लौटकर आई तो अपने बेटे को खेलते हुए पाई जिससे उसका हृदय प्रसन्न हो गया तथा उसी दिन से षष्ठी तिथि पर व्रती महिलाएं खेत का पैदा हुआ अन्न ग्रहण नहीं करती और छठ की पारंपरिक पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।

## महिलाओं ने की पुत्र की लंबी आयु के लिए ललई छठ हलछठ की पूजा अर्चना



**जारी।** जारी कस्बे के कई जगहों पर दिन मंगलवार को परंपरागत ललई माता की पूजा अर्चना की गई इस दौरान व्रत रखकर महिलाएं पूजा करने के लिए सुबह से तैयारी में जुटी हुई है और अपना-अपना थाल सजाकर जारी के प्राचीन बड़े हनुमान जी के मंदिर में ललई माता की पूजा अर्चना की और**संतान की लंबी उम्र के लिए करती हैं व्रत** : 'हलषष्ठी' व्रत महिलाएं अपने संतान की दीघार्यु और स्वस्थ्य के लिए करती हैं। इस व्रत से जुड़ी तमाम कहानियां भी प्रचलीत है, जो महिलाएं व्रत और पूजा करती हैं वो जरुर सुनती हैं। बताया जाता है कि पुत्र प्राप्ती के लिए भी इस दिन जो महिलाएं व्रत की कथा सुनती है, उन्हें पुत्ररत्न की प्राप्ती होती है। इस दिन हलषष्ठी माता की भी पूजा की जाती है। पुत्र की दीघार्यु के लिए मंगलकामनाओ का आशीर्वाद मांगा। पूजा स्थल पर महिलाओं का ताता लगा रहा। आपको बता दें कि बलराम जयंती पर होने वाले इस पर्व पर हल की पूजा अर्चना होती है। मध्यान्ह काल में पलाश, कांस एवं कुश के नीचे भगवान शिव पार्वती स्वामी कार्तिकेय एवं गणेशजी की मूर्ति स्थापित करके धूप दीप पुष्प आदि से भक्तिभाव से पूजन सम्पन्न किया जाता है।हलछठ की पूजा में महुआ, पसई के चांवल, चना, मक्का, ज्वार,सोयाबीन व धान की लाई व भैंस के दूध व गोबर का विशेष महत्व रहता है। हलछठ के दिन दोपहर में घर-आंगन में महुआ, बेर की डाल, कांस के फूल से हलछठ स्थापित कर श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की जाती है। सतगजरा तेल, चूड़ी, काजल, लकड़ी की ककई, बांस टुकनिया, आईना छोटी-छोटी डबली, नारियल, केला, ककड़ी का प्रसाद चढ़ाया जाता है। कौंधियारा क्षेत्र सहित जारी कस्बे के पावर हाउस, करछना रोड , पहाड़ी रोड ,जारी कटरा, जारी गांव, मिश्रा बांध, मैदा ,कुड़ी, गौहानी, आदि जगहों पर ललई माता की पूजा अर्चना की गई।

## न्यूज झरोखा

### कंम्प्यूटर एजुकेशन में शिक्षक दिवस का आयोजन




**नैनी।** नैनी एफसीआई रोड चाका के आर. डीआर. डी. इंस्टीट्यूट फॉर कंम्प्यूटर एजुकेशन में शिक्षक दिवस का आयोजन . इंस्टीट्यूट फॉर कंम्प्यूटर एजुकेशन में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा संस्थान में शिक्षकों का सम्मानवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम पर संस्थान के प्रबंधक रजनीश तिवारी द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं उनके जीवन इतिहास पर बच्चो को अभीप्रेरणा दिया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य नवनीत अग्रहरि द्वारा बच्चो को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चो को आशीर्वाद दिया गया। संस्थान के अध्यापक मोमिश पांडेय द्वारा बच्चो को निरंतर प्रगति करने का आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट के सभी छात्रो के द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें संस्थान के अध्यापक अमन ,राकेश श्रीवास्तव एवं अन्य लोग उपस्तिथ रहे।

### ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल : बच्चों ने शिक्षण कार्य कर मनाया शिक्षक दिवस




**सिरसा।** मेजा विकास खण्ड उरुवा के अन्तर्गत हाई स्कूल तक अंग्रेजी माध्यम से सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल मवैया रोड रामनगर सिरसा मे आज दिनांक 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य के रोल मे कक्षा १० की छात्रा काजल भारतीया ने अपने सभी शिक्षक बने सहपाठियों को उनका समय सारिणी कक्षावार बनाकर अलग-अलग विद्यार्थियोंसे अलग-अलग विषय का अध्यापन करवाया एवं कक्षा का निरीक्षण कार्य बहुत अच्छे ढंग से किया। सचिन भारतीया एवं आयुष जैसवाल ने गणित, प्रतीक तिवारी एवं अमन ने अंग्रेजी,अमृता एंव पुर्णिमा मिश्रा ने विज्ञान, रंजना एवं अभिनव जैयसवाल ने हिन्दी तथा श्रेया एवं आशीष ने कम्यूटर पढाकर बच्चों को बहुत अच्छे ढंग से समझाया भी। स्कूल के प्रधानाचार्य शेष नाथ तिवारी ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दिप जलाकर सभी शिक्षको को शिक्षक दिवस की बधाई दिया। एवं छात्रों को शिक्षक के रूप मे सुचारु रूप से शिक्षण कार्य करने पर वधायी दिया । इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दूर्गा देवी ने सभी शिक्षको को उपहार देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्रबन्धक डॉक्टर नीरज कुमार और डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा देवी ने सभी छात्र और छात्राओं एवं जनपद वासियों को शिक्षक दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दिए। स्कूल के शिक्षक अजीत सिह, आर० के० शर्मा, श्रीकान्त दुबे, कामिनी श्रीवास्तव, विनीत विश्वकर्मा, दीपचन्द आदि सभी शिक्षक और स्टापगण उपस्थित रहे।

### आधा दर्जन छात्रों को निशुल्क पढ़ाने का किया एलान



**घूरपुर।** क्षेत्र के पूरेखगन गांव स्थित बी एल सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। डॉ. राधाकृष्ण सर्वपल्ली की प्रतिमा के पर पुष्प और माला अर्पित किया। इस अवसर पर कालेज के संचालक पुष्पराज सिंह ने आधा दर्जन ऐसे छात्र जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है और पढ़ने में असहज हैं। ऐसे आधा दर्जन छात्रों को निशुल्क पढ़ाई का एलान किया। साथ ही छात्रों को पुरस्कृत भी किया। कांपी किताब ड्रेस की भी सारी व्यवस्था कॉलेज प्रबंधन ही करेगी। साथ ही इस तरह के अन्य पढ़ने वाले छात्रों को भी प्रवेश लेने वाले छात्रों को भी निशुल्क पठन पाठन का एलान किया गया। शिक्षक सार्थक जीवन की राह दिखाता है और एक शिक्षक ही राष्ट्र का निमार्ता होता है। पूरे दिन उत्सव सा माहौल रहा। दिनभर रंगारंग कार्यक्रम और सम्मान का दौर चलता रहा। प्रबंधक नागेंद्र सिंह और प्रधानाचार्य ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली की जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पवर विनय कुमार शर्मा ,जगत बहादुर,प्रभाशंकर पांडेय,सीता देवी,अर्चना सिंह,रेनू सिंह, काजल,बीएल पथिक आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### शिक्षक दिवस पर याद किए गए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन



**मेजा।** भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, देश के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर मंगलवार को शिक्षक दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक याद किये गए। इस अवसर पर सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान के अलावा शिक्षा से जुड़े विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नमन किया गया। एसजीटी पब्लिक स्कूल मेंडरा में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 134 वी जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। संस्था के प्रिंसिपल पवन तिवारी ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म आज ही के दिन 1888 को मद्रास मे हुआ। 21 वर्ष की उम्र में प्रेसिडेंसी कॉलेज में शिक्षक बने और कोलकाता आ गए। डॉ. राधाकृष्णन ने छात्रों को आगे बढाने में अहम भूमिका निभाई तथा भारत के रत्न थे। वे महान शिक्षाविद, महान दार्शनिक, महान वक्ता के साथ-साथ सुविख्यात हिंदू विचारक भी थे। अपने जीवन में वे 40 वर्ष तक शिक्षक रहे।बच्चों ने केक काटकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर जन्म दिन मनाया।

### शिक्षक एक मोमबत्ती की भांति है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते हैं : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** पांच सितम्बर शिक्षक दिवस पर श्री मती इन्दिरा गांधी विद्यालय जगौती में भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार मिश्र जी ने केक काटकर सर्व पल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने विधिवत सजावट कर सबका मन मोह लिया विद्यालय के प्रबन्धक डा दिनेश कुमार सोनी ने शिक्षक दिवस पर बच्चों को बताया कि हमें आपको अपने गुरु का व अपने से बड़ों का सदैव आदर व सम्मान करना चाहिए क्योंकि गुरु का स्थान सबसे बड़ा है गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागूं पाय बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय शिक्षक दिवस पर अपना वक्तव्य देने वालों में सर्व श्री राम मणि द्विवेदी आनन्द कुमार पटवा राजू मौर्य सर जूली सिंह खुशबू विश्व कर्मा आशीष कुमार मिश्र एंडो बृजेश कुमार पटेल दरोगा ननकू पज़पति छात्र व छात्राएं शामिल रहे,

### ललही छठ पर पसना में हुआ दंगल का आयोजन

**पसना।** कई दशकों पुरानी परंपरा को जीवित रखते हुए इस वर्ष भी ललही छठ के अवसर पर पसना ग्राम पंचायत में विशाल क्षेत्रीय दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में भाग लेने के लिए प्रयागराज जिले के अलावा मिजार्पुर बनारस जौनपुर बांदा झांसी सतना आदि जिलों से भी पहलवानों का आगमन हुआ।दंगल में कुल बीस जोड़ी कुश्तियाँ संपन्न हुई।पहला मुकाबला संतोष पहलवान बहियारी व कमलेश पहलवान बांदा के बीच हुआ, जिसमें अपनी फुर्ती दिखाते हुए संतोष पहलवान ने कमलेश को चंद सेकेंड में धूल चताते हुए बाजी मार ली।लवकुश मिजार्पुर व राजेश बनारस के बीच हुए मुकाबले में लवकुश विजई रहे।अन्य पहलवानों में छोटे लाल मिजार्पुर,महेंद्र जौनपुर,मुन्ना सतना,प्रभुनाथ बनारस,बलबीर झांसी के भी मुकाबले रोचक व सराहनीय रहे। दंगल आयोजन समिति में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह पंडित, शहजाद अली मजनू,कमला शंकर,सुधाकर सिंह बीडीसी,अजीत सिंह व निर्णायक की भूमिका में शहाबुद्दीन उस्ताद रहे।

# आठ जगहों पर एनआईए की बड़ी छापेमारी

## नक्सलियों को फंडिंग पर प्रयागराज-वाराणसी समेत कई जिलों में एक्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सीपीआई (माओवादी) मामले के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया जिलों में आठ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए द्वारा आजमगढ़, देवरिया, वाराणसी, प्रयागराज और चंदौली में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि उत्तरप्रदेश में नक्सल गतिविधियों से संबंधित जुड़े एक मामले में आगे की तफ्तीश के लिए जांच एजेंसी द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है।वाराणसी के महामानपुरी कॉलोनी स्थित एक घर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठक्अ) ने मंगलवार की सुबह छापा मारा। एनआईए की टीम घर में मौजूद एक छात्र संगठन से जुड़ी दो युवतियों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। जिस मकान में पूछताछ चल रही है। उधर सभी की आवाजाही रोक दी गई है।एनआईए की टीम ने मंगलवार की सुबह देवरिया शहर के उमानगर इलाके में छापा मारा। जनवादी क्रांति दल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रामनाथ चौहान के घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है। वह घोषी के उपचुनाव में सपा का प्रचार कर रहे थे। घर के अंदर परिवार के कई लोगों से एजेंसी पूछताछ कर रही है। रामनाथ पहले बीएसपी से भी जुड़े रहे हैं। इसके अलावा कुछ अन्य जगहों पर भी एनआईए की नजर है। नक्सल गतिविधियों से संबंधित जुड़े एक मामले में आगे की तफ्तीश के लिए जांच एजेंसी द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सीपीआई (माओवादी) मामले के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया जिलों में आठ स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

### प्रयागराज में एनआईए टीम की छापेमारी



प्रयागराज में एनआईए टीम की छापेमारी चल रही है। पीयूसीएल अध्यक्ष सीमा आजाद के आवास पर छापा मारा गया है। सीमा उनके पति विश्व विजय छात्र संगठन दिशा के सदस्य हैं। नक्सल फंडिंग के मामले में एनआईए की छापेमारी की गई है। चार टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रहीं हैं। शहर के शिवकुटी इलाके में सीमा के घर पर एनआईए की रेड हुई है। धूमनगंज इलाके से एक छात्र की गिरफ्तारी की खबर है। सत्येश विद्यार्थी नाम के युवक की गिरफ्तारी हुई है। नक्सली गतिविधियों में कुछ दिन पहले रितेश विद्यार्थी को पकड़ा गया था। उसके भाई सत्येश विद्यार्थी समेत अन्य की तलाश में एनआईए की टीम प्रयागराज पहुंची। इसके बाद शिवकुटी समेत अन्य मोहल्लों में सर्च आपरेशन चलाया गया है।

## नगर आयुक्त ने सीवर सम्बन्धी शिकायत पर किया क्षेत्र का निरीक्षण

**प्रयागराज।** मंगलवार को जोन-4 क्षेत्र में सीवर से सम्बन्धित शिकायतों के क्रम में नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग एवं महाप्रबन्धक जलकल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निम्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। वार्ड नं0 13 मलाकराज में आकाश सोनकर, पार्षद नगर निगम के क्षेत्र में सीवर समस्या के निराकरण हेतु जैन हास्पिटल के पास लाउडर रोड पर स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीवर ओवर फ्लो की समस्या पायी गयी, जिसके निराकरण हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जलनिगम (नगरीय) प्रयागराज के कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को कडी चेतावनी दी गयी तथा नियमित रूप से सीवर लाइनों की सफाई हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त नगर आयुक्त द्वारा अलोपीबाग एस0पी0एस0 का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सम्पवेल चैनल में काफी कूडा कचरा पाया गया जिसकी मौके पर ही सफाई करायी गयी तथा उ0प्र0 जलनिगम के कार्य दायी संस्था के प्रतिनिधि को नियमित रूप से सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। दारागंज गंगा के किनारे रोड पर पूर्व पार्षद रंजीव निषाद के घर के पास जाली नहीं लगी होने के कारण प्रायः सीवर ओवर फ्लो की समस्या प्राप्त होती है जिसके निराकरण हेतु तत्काल जाली लगाये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जलनिगम (नगरीय) को निर्देश दिया गया।



## न्यूज झरोखा

### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से शिक्षकों को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा जिला पंचायत सभागार में विभिन्न ब्लॉकों के99 शिक्षकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। जिसमें विकासखंड सैदाबाद के प्राथमिक विद्यालय हकीमपट्टी के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय मना का पूरा से साधना सिंह एवं प्राथमिक विद्यालय फतूहां से श्रीमती अभिलाषा त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी तरफ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने भी 210 शिक्षकों को अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया। जिसमें विकासखंड सैदाबाद से कुल 10 शिक्षक सम्मानित किए गए। जिसमे साधना सिंह प्राथमिक विद्यालय मना का पुरा,डा0रामधनी सिंह कंपोजिट विद्यालय असहिया,अभिलाषा राय प्राथमिक विद्यालय मोतिहा,रुमाना मारिया प्राथमिक विद्यालय सराय मंसूर, कविता सरोज कंपोजिट विद्यालय मलेथुआ,अंबालिका राय प्राथमिक विद्यालय नवली ,पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरेठी ,अनीता कपूर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीदा ,पूजा अग्रवाल कंपोजिट विद्यालय चक सिकंदर ,मस्तक मणि कंपोजिट विद्यालय मदापुर है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश तिवारी मंत्री विनोद भारतीय राहुल मिश्रा अनीता वर्मा आलोक श्रीवास्तव सुरेशकांत पांडे अर्जित दुबे सर्वेश त्रिपाठी जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक संयोजक राम जी संतोषी सहसंयोजक रामकृष्ण पांडे उमाशंकर रजनीश कुशवाहा सिवाकर सिंह शिव मिलन यादव सहित बहुतायत संख्या में शिक्षकों ने सम्मान पाने वाले शिक्षकों को बधाइयां दी।

### लायंस क्लब रॉयल द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया



**नैनी।** नैनी में डॉ राधाकृष्णन के जन्म दिवस को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने के पावन अवसर पर नगर के सेंट जेवियर स्कूल महेवा नैनी में लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य सीमा यादव सहित 26 अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को सर्टिफिकेट और मोतियों की माला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा ने शिक्षक दिवस के महत्व को बताते हुए कहा की बच्चों के जीवन में शिक्षक की बहुत बड़ी भूमिका होती है। उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर बच्चे अपने मंजिल तक पहुंचते हैं। एक तरह से बच्चों की जिंदगी को बेहतर तरीके से बदलने में उनका बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चे हमारे राष्ट्र की धरोहर हैं और भविष्य निमार्ता है। आगे चलकर यह बच्चे ही इस राष्ट्र को संभालते हैं और इन सब में एक शिक्षक की अहम भूमिका होती है। क्लब द्वारा यह सम्मान पाकर अध्यापक एवं अध्यापिकाए उत्साहित थी। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा सहित क्लब के सचिव संत कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ सूर्यनाथ प्रजापति, डायरेक्टर डॉ संतोष कुमार यादव एडमिन लायन रवि भूषण गुप्ता, सरिता पटेल ,अल्पना वर्मा, सुधा गुप्ता, सुचित्रा मिश्रा एवं कॉलेज के सभी अध्यापक गण मौजूद रहे ।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान



**जसरा।** क्षेत्र के प्राथमिक,, उच्च प्राथमिक व इंटर कालेजों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों ने सभी शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू ने कहा कि शिक्षक उस सड़क की तरह होता है, जो बच्चों के जीवन को निखार कर उसकी मंजिल तक पहुंचा देता है। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ की ओर से आई आशा लाखे ने शिक्षकों को प्रतीक स्वरूप पौधा और कलम भेंट किया। उन्होंने छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक भविष्य का निमार्ता होता है तथा समाज को दिशा दिखाने का कार्य भी करता है। प्राथमिक विद्यालय अमरेहा में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने शिक्षकों को उपहार स्वरूप कलम दिया। इसी तरह श्री लालचंद्र इंटर कालेज जसरा, केदारनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटंगिया सहित दर्जनों विद्यालयों में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपेन्द्र कुमार द्विवेदी,अचलेंद्र जायसवाल, कुलभूषण मिश्रा, चंद्रशेखर, राम लखन प्रजापति, रंगनाथ गुप्ता, नन्हे लाल यादव, वीरेंद्र कुमार, रितेश प्रजापति, शिल्पा यादव, शिवकुमार केसरवानी, विकास केसरी, अखिल कुमार,दयाशंकर यादव, आदि अध्यापक मौजूद रहे।

### साठ वर्ष सेवा के बाद भी शिक्षा दे रहे सेवानिवृत्त शिक्षक को किया सम्मानित



**प्रयागराज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर वार्ड अध्यक्ष भाजपा मीरापुर सुभाष तिवारी के नेतृत्व में पारस फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक जिन्होंने अपना 60 साल शिक्षक एवं प्रधानाचार्य के रूप में विद्या भारती को दिया एवम इतनी उम्र के बावजूद काशी प्रांत के प्रांत पदाधिकारी के रूप में संस्कार भारती में अपनी सेवाएं समाज और संगठन को दे रहे आचार्य कमलाकर तिवारी को माला पहनाकर मिठाई खिलाकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर उन्हे सम्मानित किया। सम्मानित करने वालो में शक्ति केंद्र संयोजक अरुण निषाद, मीडिया प्रभारी मधुमिता नाथ, सह संयोजक शुभेंद्र पांडेय उपस्थित रहे।

### बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा ने पूर्व प्रधानाचार्य को किया सम्मानित



**झूंसी।** शिक्षक दिवस के मौके पर मंगलवार को बड़ौदा यूपी बैंक की झूंसी शाखा की ओर से कुलभास्कर आश्रम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.देवी प्रसाद कुंवर को सम्मानित किया गया। शाखा के प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव ने उन्हें माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रबंधक धीरेंद्र ने कहा कि शिक्षकों से हमें प्रेरणा मिलती है। शिक्षक एक प्रेरणा के स्रोत की तरह होते हैं। जहां विनम्रता है वहां प्रगति है। उन्होंने आगे कहा कि गुरु के प्रति आंतरिक व पारंपरिक रूप से हम श्रद्धावान रहे हैं। डॉ. देवी प्रसाद कुंवर ने कहा कि अच्छा शिक्षक वही है जो अपनी जिज्ञासा के प्रति सचेत रहे, जो सचेत नहीं है वह जड़ हो जाता है। शिक्षक अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है। इस मौके पर रविंद्र जैन, अमृता श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, मनीषा खत्री, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### जन्माष्टमी को लेकर एसपीओ टीम की बैठक संपन्न



**नैनी।** नैनी मंगलवार को विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र कार्यालय नैनी में आगामी पर्व जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम को लेकर एक विशेष बैठक की गई। जिसमें प्रभारी अभय राज सिंह एवं उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली की अगवाई में बैठक संपन्न की गई। मीटिंग में प्रभारी ने यह आवाहन किया कि आगामी पर्व पर सभी सदस्यों को ड्यूटी स्थल पर पहुंचना अनिवार्य है। इस दौरान संगठन सचिव रविंद्र सिंह, सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जायसवाल, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, संदीप विश्वकर्मा, समीर खान, राकेश सोनकर, प्रदीप कुमार, सुशील शर्मा, संजीव कुमार, विवेक पाल, वसीम खान, मोहम्मद सलीम, तस्लीम खान आदि मौजूद रहे ।

## मेजा में वकीलों ने पुतला फूंक जताया विरोध



**मेजा।** हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को मेजा के अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन का पुतला फूंक कर विरोध जताया।इस मौके पर वकीलों का जन समूह पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय के सामने पुतला फूंक कर विरोध जताया।गौरतलब है कि हापुड़ की घटना को लेकर बार कौंसिल के निर्देश पर प्रदेश भर में वकीलों ने विरोध प्रदर्शन न्यायिक कार्य से विरत रहे ।इसी कड़ी मेजा के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए विरोध प्रदर्शन किया।इस मौके पर अध्यक्ष महेंद्र कुमार द्विवेदी,मंत्री चंद्रमणि शुक्ल,जटाशंकर शुक्ल,मनोज शुक्ला, नरेंद्र त्रिपाठी,कमलेश मिश्र,अखिलेश मिश्र,गोविंद मिश्र,ओंकार मिश्र,राजीव शुक्ला,भुवनेश्वर त्रिपाठी,अब्दुलहक अंसारी सहित भारी संख्या में वकील मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत



**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत रीवा राजमार्ग पर स्थित डांडी तिराहे पर मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क टूघर्टना में तेजरफ्तार डंपर से कुचल कर स्वकूटी सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे इलाज के लिए एंबुलेंस से स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भती कराया गया है।

## नव निर्मित पंचायत भवन का एडीओ पंचायत ने किया निरीक्षण

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत बेंदौ में नव निर्मित पंचायत भवन का निर्माण कार्य एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे ने औचक निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए कि सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाय उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयोग में लाई जा रही सामग्री की जांच पड़ताल किया जिसमें बालू, ईंट सरिया सीमेंट आदि मानक के अनुरूप सामग्री का स्तेमाल किए जाने का खास तौर पर हिदायत दी, लगभग 29 लाख रुपए की लागत से बनने वाले बेदौ पंचायत भवन निर्माण कार्य की शिकायत पर एडीओ पंचायत जांच करने पहुंचे थे जांचोपरांत बनाने वाली फर्म के ठिकेदार को सख्त हिदायत देते हुए तय सीमा के अंदर पंचायत भवन को तैयार करने पर जोर दिया,इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि बडेलाल, फर्म कान्टैक्टर? सहित गांव के कयी लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने युवक को तमंचा व जीवित कारतूस के साथ दबोचा

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर एक युवक को दबोचा जामा तलाशी में यूवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जीवित कारतूस बरामद हुआ पुलिस मुकदमा दर्ज कर यूवक को जेल भेज दिया। मऊआइमा पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक तमंचे के साथ जोगीपुर मोड पर खडा है। पुलिस के पहुचने पर युवक कर भागने लगा पुलिस दौडाकर दबोच ली जामा तलासी में यूवक के पास से एक तमंचा व एक जीवित कारतूस बरामद हुआ। पूछे ताछ में5 युवक ने अपना नाम रोहित कुमार पटेल पुत्र दीवान चन्द्र डडवां सिसवा बताया पुलिस ने यूवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## जसरा में वृद्धा ने ट्रेन से कट कर जान गंवाई



**जसरा।** क्षेत्र के एक गांव के बुजुर्ग ने जसरा रेलवे फाटक पर दूरंतो ट्रेन के सामने लेटकर जान दे दी। साइकिल में रखें झोले से मिले पहचान पत्र से उसकी पहचान की गई। मंगलवार को दोपहर में जसरा रेलवे फाटक बंद था। मुंबई से प्रयागराज की ओर दुरंतो ट्रेन आ रही थी। बड़गोहना कला गांव निवासी रामानंद मिश्रा 63 पुत्र राम पदारथ मिश्रा दुरंतो ट्रेन के आगे लेट गया। जिससे वह दो टुकड़ों में बंट गया और तत्काल उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे रेल कर्मियों ने शव को पटरी के बीच से हटाकर किनारे कर दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि मृतक बुजुर्ग साइकिल से अपने गांव से गड़ासा फिराने के लिए जसरा बाजार आया था। रेलवे क्रॉसिंग के समीप अपनी साइकिल खड़ी करके अपना शर्ट व जूता साइकिल के पास रखकर ट्रेन के आगे लेट गया। साइकिल में टंगे झोले में रखे आधार कार्ड व बैंक पासबुक और एक छोटे कागज में अपना नाम लिखकर रखा था जिससे उसकी पहचान हो सकी। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छात्रा काजल सिंह बनीं एक दिन की प्रिंसिपल



**शंकरगढ़।** मंगलवार को पूरे जनपद के स्कूलों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपने क्लास टीचर को उपहार दिया, साथ ही केक भी काटा। इस दौरान कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के दूसरे राष्ट्रपति भी थे। इसी क्रम में कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने केक काटा और द्वितीय राष्ट्रपति स्व. राधाकृष्णन को नमन किया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने सर्वपल्ली राधा कृष्णन को, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की चर्चा करते हुए बच्चों को नैतिक शिक्षा और सदाचार का पाठ पढ़ाया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक व पठन-पाठन की व्यवस्था छात्रा काजल सिंह तोमर ने प्रधानाचार्य के रूप में बड़े ही अच्छे ढंग से निभाई।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमों की टली सुनवाई

अखंड भारत संदेश

### अदालतें चलीं, वकीलों ने नहीं किया काम

**प्रयागराज।** हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन के बीच मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अदालतें तो चलीं, लेकिन वकीलों ने कामकाज नहीं किया। वकील लाठीचार्ज के दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई न होने और जांच के लिए गठित एसआईटी में अपना प्रतिनिधित्व न होने से नाराज हैं। गौरतलब है कि सोमवार को स्वतः संज्ञान लेकर मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने वकीलों के प्रकरण पर सुनवाई की थी। घंटों चली बहस के बाद कोर्ट ने एसआईटी में पूर्व जज हरिनाथ पांडेय को शामिल करने के सरकारी सुझाव पर अपनी मुहर लगाते हुए वकीलों से काम पर लौटने की अपील की थी। असंतुष्ट वकीलों के रवैये को देख उन्होंने दो टूक कहा था कि मंगलवार से अदालतें काम करेंगी। हालांकि देर रात चले मंथन के बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय ले लिया।उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की मांगों के समर्थन में हाईकोर्ट, जिला कचहरी समेत अन्य अर्ध न्यायिक अदालतों में बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों ने काम नहीं किया। अदालतों में जज समय से बैठे। सरकारी वकीलों की मौजूदगी में सूचीबद्ध मुकदमों की पुकार भी हुई, लेकिन अधिकांश मामलों में वादियों की ओर से वकील पेश नहीं हुए। सुनवाई अगली तिथि तक टाल दी गई।उत्तर प्रदेश में भी एडवोकेट प्रोटैक्शन बिल विधान सभा में पेश करने की मांग को लेकर वकीलों ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है। वकीलों के साथ हर दिन हो रही हिसंक घटनाओं का हवाला देते हुए समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव रिपुसूदन यादव और अधिवक्ता राय साहब यादव के नेतृत्व में वकीलों ने अपर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। वकीलों ने ज्ञापन के साथ प्रस्तावित बिल का प्रारूप भी प्रेषित किया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली के तर्ज पर उत्तर प्रदेश की विधान सभा में एडवोकेट प्रोटैक्शन बिल पेश जाना समय की मांग है।इस अवसर पर बैरिस्टर सिंह, सत्यवेंद्र यादव आजाद, गोविंद नारायण तिवारी, अनुराग कुमार पाडेंय, अतुल कुमार कुशवाहा, अनिल कुमार यादव, अभयराज यादव, राम शिरोमणि यादव, जितेंद्र मिश्रा, ओम प्रकाश वर्मा, अभिषेक रंजन, अंकुर विश्वकर्मा, संजीव पटेल , प्रेम प्रकाश आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता आज से करेंगे काम, बार एसोसिएशन ने की घोषणा

**प्रयागराज।** हापुड़ घटना को लेकर न्यायिक कार्य से विरत अधिवक्ता बुधवार से न्यायिक काम करेंगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुक्रम में न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय वापस ले लिया है। अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि बुधवार से सभी अधिवक्ता कामकाज करेंगे। हालांकि, बुधवार को किसी भी मुकदमें में प्रतिकूल आदेश पारित नहीं होगा। मामले की जांच के लिए ने गठित है एसआईटी : हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के मामले की जांच के लिए लखनऊ पारिवारिक न्यायालय के पूर्व जज हरिनाथ पांडेय की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि यह एसआईटी 15 सितंबर तक सील कवर रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया था। इसमें पुलिस महानिरीक्षक मेरठ नचिकेता झा व पुलिस उप पुलिस महानिरीक्षक मुनिराज को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। अब यह जांच समिति चार सदस्यीय हो गई है।



## संपूर्ण समाधान दिवस पर नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने सुनी जनता की समस्याएं

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण किये जाने में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव, सहायक नगर आयुक्त अखिलेश त्रिपाठी, जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, संजय ममगई, अमरजीत यादव, दिलीप श्रीवास्तव, आर0पी0 श्रीवास्तव, नगर अभियन्ता ए के उपाध्याय, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, अधिषाशी अभियन्ता नजमी मुजफ्फर, लेखाधिकारी अक्षय कुमार, तथा सचिव नगर आयुक्त, सूर्य शंकर त्रिपाठी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने चाका विकास खण्ड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोके जाने के दिए निर्देश



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत मंगलवार को चाका विकास खण्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किए। उन्होंने कार्यालय में पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उससे लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति संचालित योजनाओं के लाभ से छूटने न पाये। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों का आज का वेतन रोके जाने एवं उनसे स्पष्टीकरण लेने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया है। मण्डलायुक्त ने मुलाकाती रजिस्टर न दिखा पाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी को मुलाकाती रजिस्टर को अद्यतन बनाये रखने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने एवं इसके साथ ही साथ कार्यालय परिसर में पेयजल तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। इसके उपरांत मण्डलायुक्त ने वहीं पर पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

# शिक्षक दिवस : गुरुओं का किया सम्मान ,हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

### विद्यालय की हेड गर्ल रागिनी पांडेय को बनाया गया एक दिन के लिए प्रधानाचार्य



**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस की धूम रही । विद्यालय की तरफ से विद्यालय की हेड गर्ल रागिनी पांडेय को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया। बच्चों ने शिक्षकों की पूजा करके उनका सम्मान किया तथा उचित उपहार देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। शंकरगढ़ के सिंधी टोला में स्थित न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के सम्मान में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस बीच विद्यालय द्वारा विद्यालय की हेड गर्ल रागिनी पांडे को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनाया गया। प्रधानाचार्य बनी छात्रा ने एक दिन का पूरा विद्यालय संचालन बड़ी ही कुछ कुशलता से निभाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने अपने जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। हमें यह परंपरा हमेशा कायम रखना है और उनके बताए गए आदर्शों का पालन करना है। बच्चों ने कार्यक्रम की शुरूआत गुरु ब्रह्मा गुरुर विष्णु नमक गीत से किया। इसके बाद सभी शिक्षकों की बच्चों द्वारा हल्दी रोली लगाकर विधिवत पूजा की गई। सभी शिक्षकों के सम्मान में उन्हें उपहार दे कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। विद्यालय की कक्षा 9 की छात्राएं आन्या केसरवानी तथा यशी द्विवेदी ने गीत प्रस्तुत किया। अपूर्व निगम, यश तिवारी, याशी पांडे, गौरी आदि छाओं ने कई टीचरों की एक्टिंग करके शिक्षकों के रोल को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कक्षा 10 के छात्र साहिल तिवारी ने गीत प्रस्तुत कर शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यालय की शिक्षिका निकेता पांडे ने छात्रों की हल्दी रोली लगाकर शुभकामनाएं दी। संचालन विद्यालय के छात्र रूपेश द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर निकेता पाण्डेय, साक्षी पाण्डेय, अनुज मिश्रा, आकाश केसरवानी, जय केसरवानी, अर्चना, इंद्रजीत मिश्र ,शिवानी केसरवानी, जाह्नवी जायसवाल, प्रहलाद तिवारी, रवि सिंह, रीतू सिंह, नीतू सिंह, विपुल सिंह, अंकित यादव,साक्षी सिंह, साक्षी जायसवाल, राहुल राव, सुशांत वर्मा, अंजली मिश्रा सहित सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# गुरूओं का हमेशा सम्मान करना चाहिये, गुरू से बड़ा कोई नहीं: डीएम

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



शिक्षिका को सम्मानित करते विधायक डा0 आरके वर्मा व डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित 94 शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम एवं शिक्षकों हेतु 2.09 लाख टैबलेट वितरण का शुभारम्भ, 18381 स्मार्ट क्लास व 880 आईसीटी लैब का उद्घाटन एवं उनके सम्बोधन का सजीव प्रसारण हरि पैलेस सगरा में किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी सहित अध्यापकगण, प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राओं एवं अन्य अधिकारीगण द्वारा देखा गया। इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हरि पैलेस में भव्यता के साथ शिक्षक दिवस मनाया गाया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों एवं प्रधानाचार्य को अंगवस्त्रम् एवं प्रशस्ति पत्र देकर को सम्मानित किया गया। प्रारम्भ में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आये हुये अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गुरू शिष्य की परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है और हमें अपने गुरूओं का हमेशा सम्मान करना चाहिये, गुरू से बड़ा कोई नहीं है। उन्होने मानस का भी उदाहरण दिया और गुरू शिष्य की परम्परा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि वर्तमान समय में आवश्यकता है कि हम सकारात्मक रूप से गुरू और शिष्य की परम्परा का निर्माण करें। प्रथम गुरू बच्चों की माँ होती है, माँ से बड़ा दुनिया में कोई नही है, इसलिये माँ को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उन्होने अध्यापकों से कहा कि छात्रों के हित में उनको अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान कर उन्हें योग्य नागरिक बनाये, उनका सर्वांगीण विकास करें, उनमें परिवार, समाज व राष्ट्र के प्रति संवेदना के भाव प्रकट करना सिखायें और साथ ही साथ आने वाले समय के राष्ट्र निमार्ता के रूप में उन्हें तैयार करें। शिक्षक राष्ट्र निर्माण का कार्य करते है उनका दर्जा सर्वोच्च है। उन्होने कहा कि सभी के द्वारा पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कार्य को सम्पादित कर अपने स्कूल, कालेज व समाज को आगे ले जाने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया जाये। इस अवसर उन्होने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी और विशेष तौर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों को भी बधाई दी। शिक्षक दिवस के अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक रानीगंज डा0 आर0के0 वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्राचार्य डायट अशोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 अनूप सिंह, रामकुमार सिंह, धर्मेन्द्र ओझा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

## बी एल सुधिता में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पांच सितम्बर मंगलवार को बी एल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक राम जी लाल जायसवाल ने डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्ज्वलन करके हुई। कक्षा एक से लेकर कक्षा 3 तक के छात्र छात्राओं ने मटका सजावट और बांसुरी सजावट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। किंडरगार्टन के बच्चो ने राधा और कृष्ण बनकर मनमोहक झांकियां निकाली और नृत्य किया। विद्यालय के प्रबंधक श्री राम जी जायसवाल और श्याम जी जायसवाल ने विद्यालय के समस्त शिक्षक बंधुओ को सम्मानित करते हुए बताया कि भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ साहब के जन्मदिवस को ही हम लोग शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है।प्रधानाचार्य मोहित पांडेय ने कहा आज शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर हम सभी को डॉ साहब से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को को आत्म सात करना चाहिए। उन्होंने बताया की 1930 में डॉ को ब्रिटिश साम्राज्य के द्वारा सर की उपाधि दी गई थी। 1954 में उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। उक्त शुभ अवसर पर विद्यालय समिति के खुश्बू पांडेय, संजीत दिवेदी ,शिखा सिंह, वंदना, अक्षय, उमंग, एमपी सिंह, इमरान, रेशमा, अनुराधा, सेजल, अनुष्ठा, बबिता, एवं समस्त शिक्षक शिक्षकाए मौजूद रहे।

## हैप्पी टाइम स्कूल में डा0 राधाकृष्णन के जन्मदिन पर कटा केक

अखंड भारत संदेश



शिक्षिका को उपहार देते प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र।

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास मनाया गया। डा0 राधाकृष्णन का केक तीन साल की छोटी बच्ची उहू ने काटा तो बच्चों ने तालियां बजाकर राधाकृष्ण के जन्म पर खुशी जताई। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं के पढ़ाई के तरीके की नकल उतारकर बच्चों ने खूब धमाल मचाया। इसमें सृष्टि और सिद्धी की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने बच्चों को डा0 राधाकृष्णन के उक्त विचारों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रियांशी पाण्डेय, सीमा पटेल, उमेश श्रीवास्तव, राज प्रताप सिंह, सौम्या, सृष्टि, सुलेखा व ममता आदि शिक्षिकाओं ने बच्चों का मुंह मीठा कराया। प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर आशीर्वाद दिया।

## डीएम ने डिफाल्टर श्रेणी पाये जाने पर पांच अधिकारियों को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 04 सितम्बर को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त सन्दर्भो की समीक्षा की गयी जिसमें 05 अधिकारीगण के स्तर पर सर्वाधिक डिफाल्टर सन्दर्भ होने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत की गयी। जिलाधिकारी ने सर्वाधिक डिफाल्टर सन्दर्भ के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा, उप खण्ड अधिकारी विद्युत कुण्डा अविनाश अग्रहरी, उप खण्ड अधिकारी विद्युत पट्टी श्याम बिहारी प्रसाद, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कुण्डा अजय सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी पट्टी मधुकर शुक्ला को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत की है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने डिफाल्टर सन्दर्भ होने पर सम्बन्धित अधिकारीगण के सम्बन्ध में पत्रालेख प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर सन्दर्भो का नियत तिथि के पूर्व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, अन्यथा की दशा में शिकायतों के डिफाल्टर श्रेणी में जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## बेटे की सलामती के लिये माताओं ने किया व्रत और पूजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बेटे की सलामती एवं सुख समृद्धि के लिये आज दिन भर माताओं ने व्रत रखकर छठ पूजा की। बताया जाता है कि महिलाएं आज दिन भर जोता, बोया अन्न ग्रहण नहीं करती हैं। महुआ, तिल्ली का चावल, दही आदि का सेवन करके दिन बिताती हैं। छठ पूजा घरों एवं मंदिरों में भी की गई है। इस पर आज कुछ लोग यह भी चर्चा कर रहे थे कि बेटा कैसा भी हो, लेकिन मां सदैव उसकी भलाई के लिये पूजा अर्चना करती है।

# कांग्रेसियों ने मनाई डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती



प्रवक्ता को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माला पहनाकर श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए नमन किया गया एवं शिक्षक दिवस के पावन पर्व पर जनपद के सम्मानित गुरु तिलक इण्टरमीडिएट कॉलेज, प्रतापगढ़ के पूर्व प्रवक्ता ज्ञानेन्द्र शुक्ला को माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंटकर डॉ0 सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी की फोटो देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी ने कहा कि शैक्षिक जगत में डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन का योगदान अविस्मरणीय व अतुलनीय रहा है। पी.सी.सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला ने कहा कि शिक्षक का काम सिर्फ किताबी ज्ञान देना ही नहीं बल्कि सामाजिक परिस्थितियों से छात्रो को परिचित कराना तथा उन्हें सही मार्ग दिखाना भी होता है। सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि डॉ.राधा कृष्णन समाज के ऐसे शिल्पकार थे जो बिना किसी मोह के समाज को तराशने का कार्य किया करते थे। बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, जिला महासचिव आशुतोष तिवारी, दिलीप गौतम, विश्वास सिंह, अभय किशोर त्रिपाठी, संजय, इश्तियाक, फतेह बहादुर सिंह, सुरेश मिश्रा, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, उपस्थित रहे।

## डिग्री कालेज कालाकांकर के शिक्षकों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे मंगलवार को शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे कालेज के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने मां सरस्वती वंदना के बाद सर्व पल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों को हर वो मुकाम मिले जिसकी वह कल्पना करते हो अपनी कल्पना को सार्का करने के लिए अथक परिश्रम की जरूरत है। कार्यक्रम मे प्रगति ओझा, शेफा, स्वाती,बुशा अकांक्षा, रिचा, दिपाली, दीपा, आनंदिता, दीक्षा, प्रीती, अभय,त्रिभुवन, संजीव आशीष, आशुतोष शिवम, मुकुल आदि लोगो ने कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर प्रो सूर्यभान सिंह,प्रो उग्रसेन सिंह, प्रो रामकरन,प्रो प्रदीप कुमार सिंह,प्रो रेखा सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, भूपेश प्रताप सिंह, डा0 डी सी आनंद, डा रामलखन परिहार, उदय सिंह, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद डा सृस्टि कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अदिति व शिवानी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शेफा बेगम ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव।

कालेज के सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम मे भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इसी क्रम मे विकास क्षेत्र कालाकांकर के जनता इंटर मीडिएट कालेज आलापुर प्रतापगढ़ में शिक्षक दिवस पर प्रख्यात शिक्षाविद व भारत रत्न व भारत गणतंत्र के प्रथम उप राष्ट्रपति व दूसरे राष्ट्रपति डा0 सर्व पल्ली राधा कृष्णन की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एव कृतित्व को याद किया जिसमे स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद रहे। स्कूल के विभिन्न कक्षाओ मे शिक्षण कार्य सहित कई कार्यक्रम बच्चो ने किये।

# अपनी माटी अपना देश अभियान के क्रम में घरों की मिट्टी और चावल भेजेगा क्लब

लायंस क्लब के स्थापना दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश




स्थापना दिवस मनाते क्लब के पदाधिकारीगण।

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा क्लब के स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन महिला क्लब कार्यालय श्रीराम चैराहा के पास किया गया।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में महिला टीम एवं पदाधिकारीयो ने केक काटकर क्लब का स्थापना दिवस के साथ-साथ क्लब के संस्थापक सतीश लाखोटिया के जन्मदिन की भी बधाई दी। शिक्षक दिवस पर दो शिक्षिका जानू अग्रवाल एवं रानी को अंग वस्त्र एवं क्लब की पिन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेलकम बिटिया अभियान के कार्यक्रम में तनु को बेटी के जन्म होने पर सम्मानित कर सुकन्या समृद्धि योजना खाता खुलवाया गया। क्लब द्वारा चलाए गए मेरी माटी मेरा देश अभियान के क्रम में पदाधिकारी ने वीरों का नमन का भी संकल्प लिया और सभी पदाधिकारीयो ने कहा कि गांव की घर की मिट्टी एवं चावल इकट्ठा कर क्लब के पदाधिकारी जागरूकता अभियान चलाएंगे। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि क्लब का स्थापना दिवस क्लब के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट डॉक्टर तृप्ता कौर जुनेजा के निर्देशन में पूरे देश के साथ 23 देश में आज मनाया जा रहा है।

उसी क्रम में आज प्रतापगढ़ चिलबिला क्लब एवं महिला क्लब द्वारा भव्य तरीके से क्लब का स्थापना दिवस मनाया गया। क्लब द्वारा वेलकम बिटिया अभियान में 1455 बेटियो की माताओ को अभी तक क्लब सम्मानित कर चुका है तथा 55 बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता भी खुलवाकर प्रथम किस्त क्लब ने दी है। क्लब का गरीबों एवं वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों के कल्याणार्थ कई योजनाएं चला रहा है। सभी सहयोगियों को आज क्लब की पिन प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। महिला क्लब की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि क्लब आगे भी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन में कार्यकर्ता रहेगा। क्लब आगे भी कई योजनाएं चलाने जा रहा है।कार्यक्रम में सहयोग देने वाले नेहरू युवा केंद्र के समर बहादुर सिंह, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, आरबी सिंह, विवेक, आदर्श कुमार, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य,शकुंतला, मीनू, रश्मि, शालू, सुधा अग्रवाल, नीतू, इन्दू, स्मिता आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने धर्मशाला एवं अतिथि गृह का किया शिलान्यास

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर मेला ग्राउंड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के बगल स्थित भूमि पर धर्मशाला तथा अतिथि गृह का भूमि पूजन एवं शिलान्यास प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के कर कमलों से हुआ। इस दौरान उन्होंने पट्टी नगर वासियों तथा व्यापारियों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा भी किया। पट्टी नगर स्थित मेला ग्राउंड में प्राचीन शिव मंदिर है, जिसके बगल की भूमि पर धर्मशाला बनाने की योजना व्यापारियों ने काफी पहले से बना रखी थी। मंगलवार की दोपहर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने भूमि पूजन करके धर्मशाला एन अतिथि गृह का शिलान्यास किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने व्यापारियों की पवित्र भावना तथा उनके कार्यों की प्रशंसा भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने जहां व्यापारियों के उत्साहवर्धन किया वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के प्रति आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम को उप जिला अधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष खेदनवाल जायसवाल तथा जुग्गीलाल जायसवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पट्टी नगर में स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य गिरीश चंद्र शुक्ला वर्तमान प्राचार्य अखिलेश कुमार पांडे, पवन खंडेलवाल, अनिल खंडेलवाल, सत्यनारायण खंडेलवाल, सुरेश जयसवाल, रामगंज के नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामचरित्र वर्मा ने किया।

## एक सप्ताह बाद लेखपाल के बेटे का मिला शव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एक सप्ताह पूर्व खीरीबीर के पास नदी में कूदे युवक का आज दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मुल्लापुर गांव के पास नदी के किनारे शव मिल गया। बता दें कि 29 अगस्त को अपरान्ह चार बजे 23 वर्षीय एमामुल उर्फ आसिफ पुत्र ऐनुल हसन निवासी यहियापुर, दीवानगंज, प्रतापगढ़ के नदी में कूदकर डूब जाने की खबर मिली थी, तब से उसकी एक हफ्ते तक लगातार खोजबीन की गई। प्रयागराज से गोताखोर भी आए लेकिन शव बरामद नहीं हो सका था। इससे घरवाले बहुत परेशान थे। आज दिन में मुल्लापुर गांव में नदी के किनारे उतराया युवक का शव मिल गया तो परिजन और पुलिस भागकर पहुंची। पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है जहां शव मुल्लापुर में बरामद हुआ है, वह दिलीपपुर और पृथ्वीगंज का बार्डर है जिसके कारण आज दिलीपपुर और पृथ्वीगंज की पुलिस वहां पहुंची थी।

## बाइक की टक्कर से घायल महिला की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** दवा लेने निकली महिला को अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। गंभीर दशा में इलाज के लिए प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही महिला की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के पहिलेपार डिहवा ढ़िगवस गांव की सरिता देवी 34 पत्नी अरूण कुमार सरोज सोमवार को दोपहर दवा लेने बेलहा आयी थी।

यहां से किसी कार्य से वह पैदल सड़क किनारे से नया पुरवा जा रही थी। इसी बीच अज्ञात बाइक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल महिला को स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में महिला की मौत हो गयी। इसके बाद परिवार के लोग शव को लेकर घर चले गये। महिला के मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका का पति घर पर खेती का काम करता है। उसके दो पुत्रियां व एक पुत्र है। कोतवाल प्रशासनिक अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि सोमवार की रात करीब ग्यारह बजे मृतका महिला के परिवार के लोगों से घटना की सूचना मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार की सुबह जिला मुख्यालय भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज में छात्रों संग प्रिंसिपल ने काटा केक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज कैंपस में टीचर्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव ने प्रोफेसरों और मेडिकल छात्रों संग केक काटा और उनके संग खुशियां बांटी। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। प्रिंसिपल ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## तीन दिन से ठप है पट्टी नगर के जल की सप्लाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी में लगातार 3 दिन से पानी के लिए लोग तरस रहे हैं । पानी की टंकी खराब होने से लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है शिकायत करने पर भी इसका निस्तारण नहीं हो सका है। पट्टी नगर की जल आपूर्ति के लिए पट्टी ढकवा मोड़ के पास एक विशाल टंकी का निर्माण कराया गया है लेकिन तीन दिन से टंकी में पानी भरने वाला मोटर खराब हो चुका है जिसके कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है जिससे नगरवासी परेशान हो रहे हैं नगर वासियों का कहना है कि पानी की सप्लाई न होने से शुद्ध पानी का अभाव दिखाई दे रहा है। अब देखना यह होगा कि कब पानी की टंकी का मोटर सही होता है और उसके लिए लोगों को पानी उपलब्ध हो पाता है।

## मृतक आश्रित को बैंक ने सौंपा दो लाख का चेक, राहत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना बीमा योजना के तहत कस्बा स्थित एसबीआई शाखा लालगंज ने मृतक आश्रित को मुआवजे का चेक सौंपा। चेक पाकर मृतक आश्रित के चेहरे पर राहत भरी खुशी दिखी।

लालगंज के पूरे फत्तेसिंह पुरवारा गांव की नीशा एसबीआई लालगंज में खाताधारक थी। बैंक की ओर से उसका बीस रुपए का दुर्घटना बीमा भी किया गया था। नीशा की बीते सत्ताईस जनवरी को एक दुर्घटना में असामयिक मौत हो गयी थी। इसकी जानकारी होने के बाद बैंक शाखा की ओर से मंगलवार को मृतका के पति दीपचन्द्र को दो लाख रुपए का चेक सौंपा गया। योजना से लाभान्वित होने पर मृतक आश्रित ने बैंक प्रबन्धन के प्रति आभार जताया। शाखा प्रबन्धक बृजेशचंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की यह कल्याणकारी योजना है। हर खाताधारक को बीस रुपए का बीमा अवश्य कराना चाहिए जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर आश्रित को उसका लाभ मिल सके। इस मौके पर उप प्रबन्धक आयशा शबीह, मनोज कुमार गुप्ता, सर्फराज आदि मौजूद रहे।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को प्रतापगढ़ जिले की विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास में एक दिवसीय पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी शाम साढ़े पांच बजे अठेहा के लखरईंया गांव पहुंचकर शहीद फौजी रामकुमार पाल की स्मृति को नमन करेंगे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी सांगीपुर घुइसरनाथ धाम, लालगंज, रामपुर, संग्रामगढ़ आदि जगहों पर आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के धार्मिक आयोजनों में भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज से नाराज जिला कचहरी के अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव और डीजीपी का फूंका पुतला

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश के हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज की घटना से लगातार कई दिनों से हड़ताल पर रहकर प्रदर्शन कर रहे कौशाम्बी जिला कचहरी के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को उत्तरप्रदेश के मुख्य सचिव व डीजीपी का कौशाम्बी न्यायालय गेट के सामने पुतला दहन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे बाजी की न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के आंदोलन विरोध प्रदर्शन के चलते भारी पुलिस फोर्स तैनात रही प्रमुख सचिव और डीजीपी का अधिवक्ता पुतला फूंकते रहे और पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे। मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में मंगलवार को जिला कचहरी परिसर में अधिवक्ता एकत्रित हुए बैठक के दौरान आगे की रणनीति बनाई सभा में सैकड़ो अधिवक्ता शामिल हुए। इसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालय गेट के बाहर पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी किया अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक हापुड़ की घटना में न्याय नहीं मिलता अधिवक्ताओं का आंदोलन चलता रहेगा पुतला दहन के बाद अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे है इस मौके पर मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा पूर्व अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी दुर्गेश द्विवेदी दीप नारायण तिवारी अशोक कुमार मिश्रा उर्फ भोला पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी अवनीश त्रिपाठी अजय पांडे गोपाल जी शुक्ला दिलीप पांडे वीरेंद्र तिवारी राजीव मिश्रा राम सागर द्विवेदी मक्खनलाल मिश्रा शिव प्रसाद त्रिपाठी कौशलेश द्विवेदी संदीप अवस्थी अंकित त्रिपाठी पंकज शुक्ला सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## चायल तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने फूंका डीजीपी व प्रमुख सचिव का पुतला

### पुलिस के पहुंचने से पहले डीजीपी व प्रमुख सचिव का पुतला जलकर हो चुका था खाक



**कौशाम्बी।** चायल तहसील के अधिवक्ता अपनी बात मनवाने के लिए लगातार पांच दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन अब समय बीतने के साथ उग्र प्रदर्शन पर उतारू हो गए हैं। अधिवक्ताओं की मांग न पूरी होने पर पांचवे दिन चायल तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने डीजीपी व प्रमुख सचिव का पुतला दहन कर भारी विरोध प्रकट किया। अधिवक्ता बाहर से पुतला बनाकर लाए और तहसील परिसर में लाकर पुतले के ऊपर अत्यंत ज्वलनशील तरल पदार्थ छिड़ककर आग लगा दिए। देखते ही देखते डीजीपी व प्रमुख सचिव का पुतला तेज आग की लपट में बदल गया और कुछ ही देर बाद पूरी तरह से पुतला जलकर खाक हो गया। पुतला दहन के बाद अधिवक्ताओं के द्वारा पुलिस प्रशासन मुदार्बाद और अधिवक्ता एकता जिंदाबाद का नारा लगाया गया। इस दौरान तहसील परिसर में सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे। पुतला दहन की सूचना पाकर पिपरी थाना सहित कई थाना की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई, लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती डीजीपी व प्रमुख सचिव का पुतला जलकर खाक हो चुका था। हापुड़ जनपद में अधिवक्ताओं की पिटाई से आहत चायल तहसील के अधिवक्ताओं के अंदर अब भी आग धधक रही है इसलिए अधिवक्ता आर – पार की लड़ाई पर उतारू हो गए हैं। हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के तबादले व अधिवक्ताओं की जमकर पिटाई में शामिल पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही न होने के विरोध में मंगलवार के दिन डीजीपी व प्रमुख सचिव का पुतला दहन कर चायल तहसील के अधिवक्ताओं ने भारी विरोध प्रदर्शन किया।

## न्यूज झरोखा

### धर्मा देवी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**कौशाम्बी।** भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति एवं कुशल शिक्षक डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में मनाया गया सर्वप्रथम डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयीं। छात्र छात्राओं ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन का चरित्र चित्रण करतें हुये उनके आदर्शों को सबके समक्ष साझा किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम के अवसर पर रामशंकर सिंह आदित्य द्विवेदी निर्भय सिंह अमित त्रिपाठी बलवन्त कुमार धनवन्तरि कुमार अंकित द्विवेदी आदि शिक्षक शिक्षिकायें एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

### दीपमाला जनकल्याण संस्थान में मनाया गया शिक्षक दिवस

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** दीपमाला जन जनकल्याण संस्था तिल्हापुर मोड़ में बड़े धूमधाम से डॉक्टर सर्व पल्ली राधा कृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डा0 राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर मानसिक मंदबुद्धि बच्चों द्वारा केक काटकर मनाया गया इस कार्यक्रम के दौरान संस्थापक के अध्यक्ष दीपक सिंह पटेल, संस्थापक मैदान सिंह, समन्वयक- अजीत कुमार तिवारी, साक्षी सोनकर ,मदन कुमार केसरवानी, ओम् प्रकाश सोनी, वीरेंद्र कुमार ,अभिषेक कुमार ,राजेश कुमार, गीता सिंह, सावित्री देवी, नेहा पाल,आदि लोग उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान में मनाया गया शिक्षक दिवस



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा संस्थान मुख्यालय मंझनपुर में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया सर्वप्रथम संस्थान में के के अमर उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एवं जन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष देशराज जायसवाल तथा संस्थान के निदेशक राजकुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रतिमा एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके माल्यार्पण किया गया संस्थान के प्रशिक्षार्थियों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया इसी क्रम में संस्थान के निदेशक द्वारा शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए सभी अनुदेशक अनुदेशिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी गई और यह भी बताया गया कि शिक्षक दिवस कब और क्यों मनाया जाता है इसी क्रम में उपायुक्त के के अमर अध्यक्ष देशराज जायसवाल द्वारा 10 अनुदेशिकाओं को सम्मानित किया गया और सभी को बधाई दी गई तथा संस्थान के प्रशिक्षार्थी हिमांशु जायसवाल एवं कल्पना प्रजापति ने शिक्षक बनकर कंप्यूटर और ब्यूटी कल्चर के बारे में पढ़ाया इसी क्रम में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी रवि किरण मिश्रा वैशाली केसरवानी राजू शुक्ला करिश्मा देवी रूपा ममता रेखा रंजना कविता स्वती मिश्रा सुनीता देवी पूजा यादव आदि अनुदेशक एवं अनुदेशिकाएं उपस्थित रहीं।

### माहेश्वरी प्रसाद इं.कालेज में मनाया गया शिक्षक दिवस



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत महेश्वरी प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज आलमचंद हर्रायपुर में छात्र छात्राओं ने बड़ी धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया सभी छात्र छात्राओं व सभी अध्यापकों ने डॉ एस राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके शिक्षक दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया है प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में सभी छात्र छात्राओं को बताते हुए कहा कि भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी छात्रों ने केक काटकर व मिठाई खिलाकर गिफ्ट भेंटकर शिक्षक दिवस मनाया इस मौके पर प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव ने पौधरोपण करके छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी छात्र व छात्रएं अपने घरों में पौधों को जरूर लगाएं जिससे हमारा वातावरण सही हो सके।

# शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता है : संजय गुप्ता

### बदलते एवं आधुनिक परिवेश में शिक्षकों के समक्ष तमाम चुनौतियां भी हैं

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी कॉलेजों के शिक्षक शिक्षिकाओं को केपीएस सभागार में इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता पूर्व विधायक चायल द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुछ शिक्षकों को सम्मान के रूप में एक माह की अतिरिक्त वेतन बोनस के रूप में प्रदान किया गया श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा आज के बदलते एवं आधुनिक परिवेश में शिक्षकों के समक्ष तमाम चुनौतियां भी हैं तकनीक के आविष्कार से शिक्षण कार्य में एक क्रांति आई है परंतु वहीं दूसरी ओर बच्चे तकनीक का दुरुपयोग कर पथभ्रष्ट भी हो रहे हैं ऐसी स्थिति में शिक्षकों का बच्चों के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही और बढ़ जाती है। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि कॉलेज आफ फामेर्सी, केपीएस भरवारी, केपीएस भीटी एनडी कॉन्वेंट कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी एवं एनडी जूनियर हाई स्कूल सहित सभी विद्यालयों के टीचर को अंग वस्त्रम से सम्मानित करते हुए सहभोज दिया गया कार्यक्रम का संचालन संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा ने किया।

## कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कृष्णा डोली गांव के बड़ीबाग ग्राउंड में विशाल दौड़ प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**महगाव कौशाम्बी।** विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम कृष्णा डोली के बड़ीबाग ग्राउंड में विशाल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 6 सितम्बर की सुबह श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। जहां इच्छुक एथलीट्स अपना नामांकन करवा कर इस दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग के एथलीट्स 1600 मीटर व 5000 मीटर की दौड़ में भाग ले सकते हैं और बालिका वर्ग की एथलीट्स 3000 मीटर में की दौड़ में भाग ले सकते हैं। और इस दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों में जो भी प्रतिभागी पहला स्थान, दूसरा स्थान व तीसरा स्थान हासिल करेगा उसको उचित इनाम दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराने वाली कमेटी की ओर से दिया जाएगा। दौड़ प्रतियोगिता में मुख्या अतिथि नागेंद्र सर भरवारी कमेटी के सदस्य राजू यादव, धनंजय साहू, जाहिद खान अन्नू यादव अखिलेश अंकित, संदीप प्रमोद, अनूप, उमेश, पंकज तथा सहयोग कर्ता के रूप में धर्मेंद्र यादव फौजी सूर्यभान यादव इण्डियन ऑल राज यादव फौजी संतोष गुप्ता एनसीआर अनुराग यादव पीडब्ल्यूडी भीम यादव पशु डॉक्टर आदि लोग इस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने वाले इच्छुक प्रतिभागी 6394798562, 6392417680, 9651365276, 8931011745 इन नंबरों पर सम्पर्क कर अधिक जानकारी ले सकते हैं।



## एआरटीओ ने आधा दर्जन स्कूली वाहनों का काटा चालान

**कड़ा कौशाम्बी।** एआरटीओ कौशांबी तारकेश्वर मल्ल ने मंगलवार को देवीगंज चौराहे वा कई अन्य चौराहों पर चेकिंग लगाकर स्कूली वाहनों समेत अन्य वाहनों के अभिलेख की जांच की वाहनों के अभिलेख ना पूरा होने पर एआरटीओ ने आधा दर्जन स्कूली वाहनों का चालान काटा एआरटीओ ने कहां की वाहन स्वामी अपने वाहनों के अभिलेखों को दुरुस्त कर लें अभिलेख साथ में लेकर जाए 15 दिनों तक लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाई जाएगी और अभिलेख में कमी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चलक के द्वारा हेलमेट न लगाए जाने पर उन्हें चेतावनी दी गई है उन्होंने कहा की सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने से दुर्घटनाएं कम होती है और चालक सुरक्षित रहते हैं उन्होंने कहा कि अपने परिवार को याद करते हुए सुरक्षित चलें।

### मनचलो पर महिला पुलिस की कड़ी नजर

**कौशाम्बी** महिला थाना पुलिस टीम द्वारा थाना मंझनपुर अंतर्गत कस्बा मंझनपुर में पैदल गश्त कर चेकिंग किया गया एवं मनचलो पर कड़ी नजर रखी गयी तथा महिलाओं को शासन द्वारा चलाये जा रहे हेल्प लाइन नम्बरों- 1090,1098,1076,112,आदि को बता कर जागरूक किया गया।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**कौशाम्बी।** नारी सुरक्षा/स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर व विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं महिलाओं व अध्यापकों को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

दस हजार का इनमिया गिरफ्तार

कौशाम्बी एसओजी व थाना करारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी के सामान व रुपये के साथ 10,000 रू0 के इनामिया वांछित अभियुक्त रविनंदन को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया।

## मच्छर से भी शायद छोटी है फागिंग मशीन कहीं नजर नहीं आ रही

अखंड भारत संदेश

**संचारी रोग रोकथाम को ठेंगा दिखा रहा नगर पंचायत फागिंग,एंटी लारवा का नहीं हो रहा छिड़काव**



**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत क्षेत्र में मलेरिया,वायरल बुखार का प्रकोप जारी है अधिकतर घरों में पीड़ितों की चारपाई बिछी है अस्पतालों,प्राइवेट क्लीनिकों में इलाज हेतु बड़ी संख्या में लोग उपचार हेतु पहुंच रहे हैं अधिकतर लोग वायरल बुखार,मच्छर जनित बीमारियों से जूझ रहे हैं इसके बावजूद मच्छर जनित इन रोगों की रोकथाम के लिए जिम्मेदारों द्वारा कोई उपाय नही देखे जा रहे हैं नगर पंचायत अझुवा वासियों के अनुसार कई महीनो से फागिंग मशीन नहीं दिखाई दी है शायद मच्छर से छोटी हो गई है एंटी लारवा का छिड़काव लोगों को याद भी नहीं होगा कि नगर पंचायत की गन्दी नालियों में छिड़काव कब हुआ है कागजों पर फागिंग के लिए मशीनों पर डीजल व मिथाइल का खर्च बराबर दर्ज हो रहा है। नगर पंचायत अझुवा में 12 वार्ड हैं इनमे वार्डों के कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जहां फागिग और एंटी लार्वा का कभी छिड़काव ही नहीं हुआ संचारी रोग नियंत्रण अभियान में भी मच्छरों से बचाव को कोई काम नहीं हुआ रसूल पुर,अजमतपुर, बीज का पुरवा, अमिरता पुर के तमाम लोगों ने बताया साल छह महीने में फागिंग करने वाली गाड़ी आती है और मुख्य सड़क से होकर ही निकल जाती है अंदर की गलियों में कभी फागिंग होती ही नहीं एंटी लार्वा का छिड़काव तो इन क्षेत्रों में दूर की कौड़ी साबित हो रही है घर के अंदर हो या बाहर मच्छरों ने जीना मुहाल कर रखा है नगर पंचायत के जिम्मेदार सिर्फ झाड़ू लगवाने तक ही सीमित हैं वहीं नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने बताया बीते कल सोमवार से फागिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है,प्रत्येक वार्ड के गली कुंचो में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत फागिंग मशीन गाड़ी पहुंचेगी।

## मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण में आश्रम पद्धति विद्यालय के घटिया भोजन की खुली पोल

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने मंगलवार को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, शेषा-करारी का आकस्मिक निरीक्षण किया।मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा उपस्थित छात्रों से किसी भी प्रकार समस्या/परेशानी की जानकारी प्राप्त करने पर छात्रों ने अवगत कराया कि विद्यालय व छात्रावास के शौचालयों आदि की साफ-सफाई महीने में एक बार करायी जाती है तथा विगत कई महीनों से इण्टरनेट बाधित होने के कारण ऑनलाईन क्लासेज व कम्प्यूटर से पढ़ाई बाधित होती है। मीनू के अनुसार दिये गये भोजन की गुणवत्ता ठीक नहीं है, जिस पर उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई सामान्य, छात्रावास के कमरों का रख-रखाव संतोषजनक न पाये जाने व शौचालय के फर्श टूटे हुये एवं वाशबेसिंन की साफ-सफाई सामान्य पाये जाने तथा रसोई घर साफ-सुथरा नहीं पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन विद्यालय व छात्रावास की साफ-सफाई सुनिश्चित करायी जाय। इसके साथ ही उन्होंने इण्टरनेट अविलम्ब ठीक कराने तथा छात्रों को मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन दिये जाने के निर्देश दियें निरीक्षण के दौरान राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसुख भारती सहित कुल 13 अध्यापक उपस्थित पाये गये।

## करोड़ों का बजट फिर भी दुर्दशा ग्रस्त है मंझनपुर नगर की सड़क

# होमियोपैथी अस्पताल और दलित बस्ती को जाने वाली सड़क में जगह-जगह गड्ढे नाली ध्वस्त

अखंड भारत संदेश

**सांसद विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष दलित समुदाय से है फिर भी दलित बस्ती के लोग एक अदद सड़क की मरम्मत के लिए तरस रहे है**



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में विकास कहां कराए जा रहे हैं नगर वासियों को समझ में नहीं आ रहा है जबकि नगर क्षेत्र के विकास के लिए योगी सरकार करोड़ों का बजट अवमुक्त कर रही है नगर की विकास योजनाओ का संचालन सही ढंग से नहीं हो रहा है या फिर योजना से जुड़े लोग मनमानी कर मालामाल होना चाहते हैं लेकिन कुछ भी हो नगर पालिका मंझनपुर में करोड़ों के बजट के बाद भी विकास योजनाओं की स्थिति बेहद खराब है ताजा मामला दलित बस्ती और होम्योपैथी अस्पताल जाने वाली सड़क का है इस सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं नालिया ध्वस्त हो गई है सड़कों पर कीचड़ और गंदगी जमा है सड़क के बीचो-बीच तमाम गड्ढे होने के चलते आए दिन लोग गिरकर चोटाहिल हो रहे हैं सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिए बार-बार दलित बस्ती के लोग आवाज बुलंद कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदारों के कानों में जू नहीं रेंग रही है जिससे दलित बस्ती के लोग परेशान है होम्योपैथिक अस्पताल जाने वाले लोगों को भी दिक्कतों से गुजरना पड़ता है बीमार और कमजोर लोगों को इस सड़क में निकलने में दिक्कत होती है लेकिन आम जनता की दिक्कत से नगर पालिका को क्या लेना देना है उसे तो अपनी मनमानी करनी है।लोकसभा कौशाम्बी से लेकर विधानसभा क्षेत्र मंझनपुर का प्रतिनिधित्व दलित समुदाय के लोग कर रहे हैं नगर पालिका मंझनपुर का प्रतिनिधित्व भी दलित समुदाय के हाथ में है लेकिन उसके बाद एक सड़क की मरम्मत के लिए दलित बस्ती के लोग तरस रहे हैं इससे ज्यादा मंझनपुर का दुर्भाग्य क्या होगा जहां सांसद विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष दलित समुदाय से हो और दलित बस्ती के लोग एक अदद सड़क की मरम्मत के लिए तरस रहे हो गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर के उधोश्याम नगर नयानगर द्वितीय मंझनपुर स्थित होम्योपैथिक अस्पताल एवं भोला लोहार के घर के बगल से दलित बस्ती को जाने वाली रोड काफी समय से पूरी तरह से खराब हो चुकी है, नालिया पूरी तरह टूटी पड़ी है जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हैं रोड पूरी तरह खराब हो चुकी है पूर्व में मोहल्ले के लोगो द्वारा इसकी शिकायत नगर पालिका में किया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई आए दिन इस मार्ग पर गड्ढे होने के कारण छोटे-मोटे हादसे भी होते रहते हैं 15 साल पहले तत्कालीन चेयरमैन नरेश केशरवानी के शासन काल में यह रोड बनी थी तब से इस रोड की मरम्मत नगर पालिका ने नहीं कराई है हालांकि उस समय भी यदि मानक के अनुसार सड़क का निर्माण हो गया होता तो सड़क और नाली जल्द ध्वस्त ना होती मूलभूत समस्या के समाधान के लिए जनता किससे गुहार लगाए योगी आदित्यनाथ की सरकार में कौशांबी जिले में आम जनता की समस्या को कोई सुनने वाला नहीं दिखाई पड़ रहा है।

## संपादक की कलम से

# तो भारत के शीश चमकता नहीं मुकुट सा जड़ा हिमालय

**हिमालय** परबत हमारे देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। सच तो यह है कि हिमालय को परबतों का राजा कहा गया है। यह बहुत ही विशाल है और इसमें अनेकानेक चोटियां स्थित हैं। हम यह बात कह सकते हैं कि भारत के उत्तर में विश्व के सबसे ऊँची, नवीनतम तथा मोड़दार पर्वत श्रृंखला हिमालय स्थित है। यह भारत के उत्तर पश्चिम में नागा पर्वत चोटी ( शिखर ) से उत्तर पर्व में नामचा बरुआ पर्वत चोटी तक अर्थात भारत के उत्तर पश्चिम में सिंधु नदी के मोड़ से उत्तर पूर्व में ब्रह्मपुत्र नदी के मोड़ तक अर्ध चंद्राकर रूप में फैला हुआ है।हिमालय पर्वत का क्षेत्रफल भारत में लगभग 5 लाख वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। इस पर्वत की लम्बाई पश्चिम से पूर्व लगभग 2500 किमी है। तथा उत्तर से दक्षिण की चौड़ाई 160 से 400 किमी है। इस पर्वत की औसत ऊंचाई समुद्रतल से लगभग 6000 मीटर है। संस्कृत में हिमालय के बारे में कहा गया है कि -अस्ति उत्तरस्याम् दिशि देवतात्मा,हिमालयः नाम नगाधिराजः ।पूर्वापरौ तोयनिधी वगा स्थितः पृथिव्याः इव मानदण्डः।। यानी कि इसका अर्थ यह है कि भारत की उत्तर दिशा में देव- - सद्दश पूजनीय हिमालय पर्वत स्थित है। वह पूर्व और पश्चिम में समुद्र से घिरा होने पर ऐसा प्रतीत होता है, कि वह पृथ्वी को नापने का मानदण्ड हो। बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इन दिनों 1 से 9 सितंबर तक हिमालय बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों, कालेजों, संस्थानों, संगठनों में स्कूल कालेज के छात्र-छात्राओं और व्यक्तियों के ग्रुप को शपथ दिलाई जा रही है। हमारे देश का मस्तक कहलाने वाला परबतराज हिमालय दुनिया के एक बड़े भू-भाग के लिए जलवायु, जल जीवन और सच कहें तो हमारी धरती के संपूर्ण पर्यावरण, धरती की पारिस्थितिकी तंत्र का आधार है। पाठकों को यह विदित ही है कि हिमालय भारत में स्थित एक प्राचीन पर्वत श्रृंखला है। महाकवि कालिदास जी तो हिमालय को पृथ्वी का मानदंड मानते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि हिमालय की पर्वत श्रंखलाएँ शिवालिक कहलाती हैं। उत्तराखंड को इस "हिमालयानाम् नगाधिराजः पर्वतः" का हृदय कहाने का श्रेय जाता है। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार हिमालय एक पर्वत तन्त्र है जो भारतीय उपमहाद्वीप को मध्य एशिया और तिब्बत से अलग करता है। यह पर्वत तन्त्र मुख्य रूप से तीन समानांतर श्रेणियां- महान हिमालय, मध्य हिमालय और शिवालिक से मिलकर बना है जो पश्चिम से पूर्व की ओर एक चाप की आकृति में लगभग 2400 कि॰मी॰ की लम्बाई में फैली हैं। इस चाप का उभार दक्षिण की ओर अर्थात उत्तरी भारत के मैदान की ओर है और केन्द्र तिब्बत के पठार की ओर है। इन तीन मुख्य श्रेणियों के आलावा चौथी और सबसे उत्तरी श्रेणी को परा हिमालय या ट्रांस हिमालय कहा जाता है जिसमें कराकोरम तथा कैलाश श्रेणियाँ शामिल है। हिमालय पर्वत 7 देशों की सीमाओं में यथा पाकिस्तान,अफगानिस्तान , भारत, नेपाल, भूटान, चीन और म्यांमार में फैला हुआ है। नेपाल चीन सीमा पर इसका सर्वोच्च शिखर माउंट एवरेस्ट जिसकी ऊंचाई 8,848.86मीटर (29,028 फीट) स्थित है। जानकारी देना चाहूंगा कि संसार की अधिकांश ऊँची पर्वत चोटियाँ हिमालय में ही स्थित हैं।

विश्व के 100 सर्वोच्च शिखरों में हिमालय की अनेक चोटियाँ हैं। विश्व का सर्वोच्च शिखर माउंट एवरेस्ट हिमालय का ही एक शिखर है। हिमालय में 100 से ज्यादा पर्वत शिखर हैं जो 8848.86 मीटर से ऊँचे हैं। हिमालय के कुछ प्रमुख शिखरों में सबसे महत्वपूर्ण सागरमाथा हिमाल, अन्नपूर्णा, शिवशंकर, गणेय, लांगतंग, मानसलू, रलवालिंग, जुगल, गौरीशंकर, कुंभू, धौलागिरी और कंचनजंघा है।हिमालय श्रेणी में 15 हजार से ज्यादा हिमनद हैं जो 12 हजार वर्ग किलमीटर में फैले हुए हैं। 72 किलोमीटर लंबा सियाचिन हिमनद विश्व का दूसरा सबसे लंबा हिमनद है। हिमालय की कुछ प्रमुख नदियों में शामिल हैं - सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र और यांगतेज। हिमालय भारत-आस्ट्रेलिया प्लेटों से एशियाई प्लेट को टकराने से बना है।

# नये शिक्षक से होगा नये भारत का निर्माण

**अरविंद जयतिलक**



**भारत के** राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित करने के बाद से देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। शिक्षकों को अधिक सशक्त, जिम्मेदार एवं राष्ट्र- व्यक्ति निर्माण में उनकी भूमिका पर विशेष बल दिया जाने लगा है। लार्ड मैकाले की शिक्षा में अब तक भारत में गुरु एवं शिक्षक श्रद्धा का पात्र न होकर वेतन-भोगी नौकर बन गया था, शिक्षक की भूमिका गौण हो गयी थी। सा विद्या या विमुक्तये, यह भारतीय शिक्षा जगत का प्रमुख सुभाषित है। इस सुभाषित के अनुसार सच्ची शिक्षा वह है जो विद्यार्थी को नकारात्मक भावों और प्रवृत्तियों के बंधनों से मुक्ति प्रदान करें। पर चिंता का विषय बना रहा कि भारत के शिक्षक ही आज इसकी उपेक्षा करते रहे हैं। ऐसा लगता है, मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। अब नयी शिक्षा नीति में शिक्षक के लिये शिक्षा एक मिशन होगा, स्वदेशी, सार्थक और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से उन्नत पीढ़ी का निर्माण होगा। गुरु के महत्व को बढ़ाकर प्रबन्ध-तंत्र के वर्चस्व को घटाया जायेगा। अब भारत की नयी शिक्षा नीति में शिक्षक का चरित्र एवं साख दुनिया के लिये प्रेरक एवं अनुकरणीय बनकर प्रस्तुत होगा, जिसमें भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति का समावेश दिखाई देगा। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- अध्यापक वर्ग। इस वर्ग की प्रासंगिकता, अनिवार्यता और उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण का गुरुत्तर दायित्व होता है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह जाती है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक एवं गुरु आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन एवं विकास करने का प्रयत्न करते रहते थे। जबकि मैकाले की शिक्षा विद्यार्थी को शरीर, मन, बुद्धि एवं चरित्र से रुग्ण बनाकर केवल धन कमाने की मशीन, कुसंस्कृत एवं पतनोन्मुख बनाती रही है। राजनीतिक संघर्ष से भले ही देश को शारीरिक स्वतंत्रता मिली पर विगत साढे.सात दशकों में मानसिक-बौद्धिक-भावात्मक परतंत्रता की बेड़िया मजबूत हुई है। अब नरेन्द्र मोदी सरकार ने शिक्षा की इन कमियों एवं अधूरेपन को दूर करने के लिये नयी शिक्षा नीति घोषित की है और उसमें शिक्षकों के दायित्व को महत्वपूर्ण मानते हुए उन्हें जिम्मेदार, नैतिक-चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण करने की जिम्मेदारी दी गयी है। भारत के मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमाग का राष्ट्र बन गया है, तो मुझे दृढ़ता से लगता है कि उसके लिये तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं जो कोई फर्क पा सकते हैं वे पिता, माता और शिक्षक हैं।ह्व डॉ. कलाम की यह शानदार उक्ति प्रत्येक व्यक्ति के दिमाग में आज भी गूंज रही हैं। शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ए. एस. अल्तेकर ने लिखा है- शिक्षा प्रकाश और शक्ति का ऐसा स्त्रोत है, जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करती है और उसे उत्कृष्ट बनाती है। लेकिन हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। इस बड़ी विसंगति को दूर करने की दृष्टि से वर्तमान शिक्षा नीति में व्यापक चिन्तन-मंथन किया गया है। पूरे देश में एक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षा पॉलिसी पर काम किया जाने लगा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, शिक्षक देश के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इसी वजह से वे अधिक सम्मान के योग्य होते हैं। नयी शिक्षा नीति में ऐसी संभावनाएं है कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अधिक प्रभावी बनकर प्रस्तुत होगी। अब शिक्षा से मानव को योग्य, राष्ट्र-निमार्ता एवं चरित्रवान बनाने का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा। अन्य कलाओं की भांति शिक्षण भी एक महत्वपूर्ण कला है, शिक्षक उस कलाकार के समान होता है, जो अनगढ़ पत्थर को तराशकर पूज्य प्रतिमा का रूप प्रदान करता है। वर्तमान में शिक्षण-कौशल एवं शिक्षण विधियों पर बहुत अनुसंधान हो रहा है। डॉ. जाकिर हुसैन ने अध्यापक को प्रेम, सहिष्णुता और त्याग की प्रतिमूर्ति माना है। पाश्चात्य शिक्षाशास्त्री जॉन डयूवी ने एजूकेशन ऑफ टुडे नामक ग्रंथ में शिक्षक के महत्व को स्पष्ट करते हुए लिखा है- शिक्षक बालक के लिए सदैव परमात्मा का पैगम्बर होता है, जो परमात्मा के सच्चे राज्य में प्रवेश कराने वाला है। एक अध्यापक स्त्रष्टा की भांति समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न करता है। यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता। ऋग्वेद के सूक्त में शिक्षक का माहात्म्य बताते हुए कहा गया है- हे ज्ञान और ऐश्वर्य के स्वामी आचार्य! आप पिता के समान शुभचिंतक तथा बुद्धि के स्वामी हैं अतः हमें पूर्णतः शिक्षित कीजिए। जे. कृष्णामूर्ति ने सच्चे अध्यापक की जो कसौटियां प्रस्तुत की हैं, वे उसके व्यक्तित्व के माहात्म्य को प्रकट करने वाली हैं- सच्चा अध्यापक अभ्यंतर में समृद्ध होता है अतः अपने लिए कुछ नहीं चाहता, वह महात्वाकांक्षी नहीं होता, वह अपने अध्यापन को पद अथवा सत्ताधिकार प्राप्त करने का साधन नहीं बनाता। सच्ची संस्कृति इंजीनियरों और टेकनीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। अब शिक्षक एवं शिक्षा-नीति एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर अग्रसर हुई है। शिक्षक एवं शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य अब प्राप्त होगा। आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में -व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है। हाल ही में आपने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। अब नयी शिक्षा नीति से ऐसे ही आन्दोलनकारी शिक्षा उपक्रम जगह-जगह देखने को मिलें, तभी इस नवीन घोषित शिक्षा नीति की प्रासंगिकता है। अनेकानेक विशेषताओं के बावजूद अब तक शिक्षक का पद धुंधला रहा था। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर उल्टा होता रहा है। स्कूलों की संख्या बढ़ने के साथ जेलों के स्थान छोटे पड़ते गये हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में मैकाले की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है। अशिक्षित और मूर्ख की अपेक्षा शिक्षित और बुद्धिमान अधिक अपराध करते रहे हैं। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जो तनाव, टकराव और बिखराव की घटनाएं घटित होती रही हैं, उसके मूल में संकीर्णता और ईर्ष्या की मनोवृत्ति भी एक बड़ा कारण है। व्यक्तित्व का टकराव भी इसी कारण बढ़ा है। क्या कारण है कि नयी पीढ़ी के निर्माण में ऐसी त्रुटियां के बावजूद सरकारें कुंभकरणी निद्रा में रही, शिक्षक क्यों नहीं एक सर्वांगीण गुणों वाली पीढ़ी का निर्माण कर पाएं? इसका कारण दूषित राजनीतिक सोच रही है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। अब नयी शिक्षा नीति से सम्यक चरित्र, सम्यक सोच एवं सम्यक आचरण का प्रादुर्भाव होगा।

# कोटा पर कलंक लगाती आत्महत्या की घटनाएं

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान का** कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपए के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते की स्थिति में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल है। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं। कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा में कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। पूरे कोटा शहर की अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। कोटा शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी।

# भारतीय जनमानस के प्रतिनिधि हैं शिक्षक

**अरविंद जयतिलक**

5 सितंबर को देश भर में शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है। 1962 में जब डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय गणतंत्र के दूसरे राष्ट्रपति बने तब उनके विद्यार्थियों ने उनका जन्मोत्सव मनाने का विचार किया। लेकिन उन्होंने इस अनुरोध को अस्वीकार कर सुझाव दिया कि अगर वे उनके जन्मोत्सव को शिक्षक दिवस के रुप में मनाएं तो ज्यादा खुशी होगी। तभी से इस दिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन अकसर कहा करते थे कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षण संस्थानों की परिधि तक ही सीमित नहीं है। समाज व राष्ट्र के गुणसूत्र को बदलने की जिम्मेदारी भी उसके कंधे पर होती है। इसलिए कि वह राष्ट्रीय जनमानस का प्रतिनिधि होता है। उसके आदर्शवादी मूल्य और सारगर्भित विचारधारा समाज व देश के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। राधाकृष्णन एक उत्कृष्ट विद्वान, महान शिक्षाशास्त्री के अलावा कुशल वक्ता भी थे। अंग्रेजी और संस्कृत पर उन्हें असामान्य अधिकार था।

भारत में सत्ता हस्तांतरित होने के गौरवशाली अवसर पर जो गिने-चुने महापुरुषों ने अपने विचार व्यक्त किए उनमें डा0 राधाकृष्णन भी थे। उनकी विद्वता और ज्ञान सिर्फ कोरी शास्त्रीय नहीं थी बल्कि इसे अपने जीवन में उतारा भी। शिक्षा में महान योगदान को देखते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें 1954 में भारत रत्न की उपाधि से विभुषित किया। आज के घोर भौतिकवादी और आचरणविहिन आधुनिकता की दौड़ में जब सभ्य समाज के निर्माण का सवाल पीछे छूट रहा है ऐसे में शिक्षकों को आगे बढ़कर अपना उत्तरदायित्व निभाना चाहिए। एक शिक्षक ही अपने गुरुत्तर उत्तरदायित्वों एवं संवेदनायुक्त आचरण से भारत राष्ट्र व समाज को संस्कारित कर सकता है। डा0 राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को मद्रास के निकट तिरुतानी में हुआ। शिक्षा प्राप्ति के तदोपरांत डा0 राधाकृष्णन ने सर्वप्रथम एक शिक्षक के रुप में मद्रास में लेक्चरर नियुक्त हुए। 1911 में वे मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर और 1916 में प्रोफेसर बने। 1918 में वह मैसूर विश्वविद्यालय में चले गए और वहां 1921 तक रहे। 1926 और 1929-30 में आक्सफोर्ड के मानचेस्टर कालेज और 1926 में शिकागो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे। 1927 में भारतीय दर्शन परिषद के बंबई अधिवेशन के अध्यक्ष बने और 1936 में आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्राच्य धर्मों और नीतिशास्त्र के प्रोफेसर बने। दर्शनशास्त्र उनका प्रिय विषय था। सर आशुतोष मुखर्जी के निवेदन पर वे कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पद पर कार्य करना स्वीकार किया। वे वहां 1921 से 1931 तथा 1937 से 1941 तक अध्यापन कार्य किए। इसके बाद वे आंध्रप्रदेश विश्वविद्यालय में 1939 से 1948 तक उपकुलपति रहे। 1931 से 1941 तक राष्ट्रसंघ की बौद्धिक सहकारिता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय समिति के सदस्य रहे। बंगाल की रायल एशियाटिक सोसायटी के फैलो और भारतीय विश्वविद्यालय कमीशन के अध्यक्ष के पद का भी उन्होंने शोभा बढ़ाया।

# मोदी सरकार का एक और मास्टर स्ट्रोक -बीमा सुगम वितरण चैनल

**अशोक भाटिया**

**जिस तरह** से देश में आम चुनाओं को सुगम व कम खचीर्ला बनाने के लिए मोदी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का कानून लेन की तैयारी कर रही है उसी प्रकार बीमा क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है । मोदी सरकार अब भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) के सहयोग से पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए जल्द ही एक ऑनलाइन मंच बीमा सुगम शुरू करने वाला है। इस पर तेजी से काम चल रहा है। यह बीमा पॉलिसी की बिक्री और नवीनीकरण समेत कई सेवाओं के लिए वन-स्टॉप मंच के रूप में काम करेगा। इसकी मदद से न सिर्फ आप कम प्रीमियम पर पॉलिसी खरीद सकेंगे बल्कि दावों का निपटान भी आसान हो जाएगा। इरडाई चेयरमैन देबाशीष पांडा का कहना है कि बीमा सुगम से बीमा उद्योग में यूपीआई जैसी क्रांति आ जाएगी। यह शॉपिंग मॉल की तरह होगा। इसके जरिये आप अपनी पंसद की पॉलिसी का चुनाव कर सकते हैं। बीमा नियामक 2023 में ही बीमा सुगम सुविधा की शुरूआत कर सकता है।

यह एक प्रकार का ई-कॉमर्स मंच है। इस डायरेक्ट-टू-कस्टमर (डी2सी) मंच पर बीमा कंपनियां अपने उत्पाद बेच सकेंगी। इस पर पॉलिसी खरीदने, नवीनीकरण कराने, दावा निपटान और एजेंट पोर्टेबिलिटी सहित सभी तरह की सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस मंच पर पॉलिसी खरीदने पर उसकी सॉफ्ट कॉपी इलेक्ट्रॉनिक इंश्योरेंस अकाउंट के जरिये ग्राहक तक पहुंच जाएगी। खास बात है कि पॉलिसी से जुड़ीं सभी जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध होने से दावा निपटान अनुभव में भी सुधार होगा। बीमा सुगम का लाभ लेने के लिए केवाईसी की जरूरत पड़ेगी। आप जैसे ही इस मंच पर जाएंगे, आपसे आधार नंबर मांगा जाएगा। इसके जरिये ही केवाईसी पूरी की जाएगी। इस मंच पर आपकी (ग्राहकों) की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उनकी निजी जानकारी गुप्त रखी जाएगी। जानकर लोगों का मानना है कि बीमा सुगम भारत में बीमा क्षेत्र में कुछ बड़े सुधार ला सकता है और इसे बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इससे भारत में सभी के लिए बीमा का लक्ष्य पूरा करना आसान हो सकता है। इसलिए आजकल यह जानने की जिज्ञासा हर किसी व्यक्ति की बढ़ चुकी है कि जब भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए जल्द ही एक ऑनलाइन मंच बीमा सुगम शुरू करने वाला है, तो वह कब से पहले गत 1 अगस्त 2023 से शुरू होने की चर्चा थी, जो एक बार फिर किसी कारणवश टल चुकी है। बताया जाता है कि इसकी प्रक्रिया पर तेजी से काम चल रहा है। क्योंकि यह बीमा पॉलिसी की बिक्री और नवीनीकरण समेत कई सेवाओं के लिए वन-स्टॉप मंच के रूप में काम करेगा। इसकी मदद से न सिर्फ आप कम प्रीमियम पर पॉलिसी खरीद सकेंगे बल्कि दावों का निपटान भी आसान हो जाएगा। इस मंच पर आपकी यानी ग्राहकों की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उनकी सभी निजी जानकारी गुप्त रखी जाएगी। शिवाय अधिकृत सरकारी एजेंसी के, जिससे हर संवेदनशील जानकारी को साझा करने की कानूनी अनिवार्यता होती है।पहला, इससे बीमा की लागत घटेगी। क्योंकि अभी बीमा ब्रोकर 30-40 फीसदी तक कमीशन लेते हैं। जबकि बीमा सुगम के जरिये पॉलिसी खरीदने पर ब्रोकर सिर्फ 5-8 फीसदी तक ही कमीशन ले पाएंगे। इससे प्रीमियम राशि में बड़ी गिरावट आएगी।दूसरा, इससे शिकायतों का जल्द समाधान सम्भव होगा। क्योंकि इस मंच पर पॉलिसीधारकों के अलावा एजेंट, वेब एग्रीगेटर और अन्य इंश्योरेंस बिचौलिये भी होंगे।जिससे बीमा कंपनियां शिकायतों का जल्द समाधान कर पाएंगी।तीसरा, इससे एक क्लिक पर दावा निपटान संभव होगा। क्योंकि पॉलिसी की जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध होने के चलते सिर्फ एक क्लिक में ही दावे का निपटान संभव हो जाएगा, जिसमें अबतक कई कई दिन लगते आये हैं। खास बात यह कि इसके लिए किसी दस्तावेज की भी जरूरत नहीं होगी।चतुर्थ, इससे पॉलिसीधारकों का भरोसा बढ़ेगा। इस पोर्टल से बीमा उत्पादों तक पहुंच आसान हो जाएगी। इससे न सिर्फ दावा निपटान से बीमा पॉलिसी से जुड़ीं विभिन्न प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी, बल्कि पॉलिसीधारकों का भी बीमा उद्योग पर भरोसा बढ़ेगा। बीमा सुगम पोर्टल एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो आपकी सभी बीमा आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम करेगा। इसके माध्यम से आप किसी भी बीमा खरीदारी अन्य ऐप्स की तरह कर सकेंगे, जिनका आप नियमित रूप से उपयोग करते हैं। एक प्रकार से बीमा सुगम आपकी बीमा आवश्यकताओं के लिए आपके केंद्रीकृत बाजार के रूप में कार्य करेगा, जहां आप प्रत्येक बीमा कंपनी द्वारा पेश किए गए प्रत्येक बीमा उत्पाद की खरीदारी कर सकते हैं। इसलिए, बीमा सुगम बीमा दलालों, एजेंटों, एग्रीगेटर्स, बैंकों आदि सहित सभी के लिए एक ही छत के नीचे बीमा ढूंढना आसान बना देगा। बीमा सुगम बीमा एग्रीगेटर्स को बीमा सुगम के माध्यम से ग्राहकों को बीमा पॉलिसियों की परेशानी मुक्त खरीद की सुविधा प्रदान करने की अनुमति देगा। इसके अलावा, बीमा सुगम बीमा पॉलिसियों की बिक्री, दावों और सर्विसिंग के लिए जिम्मेदार होगा। इससे पॉलिसीधारकों को किसी विशिष्ट सेवा का लाभ उठाने के लिए बीमाकर्ता की घरेलू शाखा में जाने की आवश्यकता सीमित हो जाएगी। इससे वितरकों का मार्जिन भी कम हो सकता है और पॉलिसीधारक उचित प्रीमियम का लाभ उठा सकते हैं।

इसके अलावा, पॉलिसीधारक बीमा सुगम के माध्यम से खरीदी गई पॉलिसियों पर छूट भी प्राप्त कर सकता है। बीमा सुगम ऑनलाइन पॉलिसीधारकों को अपना स्वयं का ई-बीमा खाता रखने की अनुमति देगा। इन खातों के तहत बीमाधारक अपने बीमा संबंधी सभी विवरणों पर नजर रख सकता है। चाहे वह स्वास्थ्य बीमा हो, जीवन बीमा हो, मोटर बीमा हो या कोई अन्य बीमा पॉलिसी हो, सभी विवरण पॉलिसीधारक कभी भी प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा, पॉलिसीधारक बीमा सुगम से निम्नलिखित सेवाएं प्राप्त कर सकता हैः- पहला, आप बीमा पॉलिसी खरीद सकते हैं। दूसरा, आपके पास एजेंट पोर्टेबिलिटी सुविधा हो सकती है। तीसरा, आप दावा निपटान से संबंधित सेवाओं तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। चतुर्थ, आप पॉलिसी पोर्टेबिलिटी आदि का भी उपयोग कर सकते हैं। पंचम, बीमा सुगम पॉलिसीधारक को इस एक मंच के तहत अपने सभी पॉलिसी संबंधी प्रश्नों की निगरानी करने की अनुमति देगा। जिससे आप नामांकित व्यक्ति और संपर्क विवरण बदल सकते हैं, प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं इत्यादि। षष्ठ, इससे पॉलिसी कागजात की चोरी या हानि का जोखिम भी कम हो जाएगा। सप्तम, यह आईआरडीएआई को बीमा क्षेत्र में अपनाई जाने वाली किसी भी धोखाधड़ी प्रथाओं को पहचानने की अनुमति देगा।

# प्राइवेट कर्मी से जिले को खोखला करा रहे अधिकारी

## तकरीबन हर विभागाध्यक्ष पाले हैं प्राइवेट कर्मी–जिला सूचना कार्यालय तो है बानगी



**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। जिले में तकरीबन हर विभागाध्यक्ष प्राइवेट कर्मी पाले हैं। इनसे विभागाध्यक्ष जिले को खोखला करा रहे हैं। ऐसे में जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत प्राइवेट कर्मी रामरुप पटेल का एक फोटो सामने आया है, जो वह अपनी डीपी में भी लगाये है। कह सकते हैं कि वह उसका व्यक्तिगत मामला हो, पर ये व्यक्तिगत कैसे हो सकता है, जब वह डीएम की खबरों के ग्रुप डीआईओ में एडमिन भी हो?

डीआईओ ग्रुप में उसके व्यक्तिगत नम्बर पर जिलाधिकारी की फोटो में वह डीएम के साथ खडे यूं मुस्कुरा रहा है, जैसे वह भी कोई अधिकारी हो। इसी फोन नम्बर पर डीपी में भी वह ये फोटो लगाये हैं। ऐसे में अब ये मामला व्यक्तिगत कैसे हो सकता है, जबकि इस ग्रुप में तमाम लोग जुडे हैं? निश्चिततौर पर रामरुप पटेल के डीएम की फोटो लगाने के निहितार्थ स्वार्थ छुपे हैं। इन स्वार्थों के चलते डीएम के यहां से जाने के बाद फिर ये फोटो भी बदल जायेगी। इससे जाहिर है कि ये फोटो किसी मंशा के तहत ही लगाई गई है। अभी हाल में डीएम के नाम पर हो रहा करोडों का खेल बाबत खबर भी छपी थी। जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के इस खबर पर कोई कार्यवाही न करने से भी जाहिर है कि उनकी भी इससे खासी मिलीभगत है। जिला सूचना अधिकारी भी उसकी लूट में येन-केन ढंग से शामिल हो सकते हैं।

हालांकि इस बात के पुख्ता प्रमाण तो नहीं मिले, लेकिन ये निश्चित है कि एक प्राइवेट कर्मी से उनका इतना मोह क्यों है? ये भी स्वतः में एक सवाल खडा करता है। फोटो की बाबत जिला सूचना अधिकारी से पूंछा गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

यूं तो जिले में तकरीबन हर विभागाध्यक्ष प्राइवेट कर्मी पाले हैं। ऐसे प्राइवेट कर्मियों से वे अवैध वसूली करवाते हैं। यहां तक कि एडीएम कार्यालय के एक प्राइवेट कर्मी ने इस संवाद्दाता से भी एक मामले में 15 हजार रुपये अवैध ढंग से लिए हैं। इससे जाहिर है कि जब इस वरिष्ठ संवाद्दाता को एडीएम कार्यालय ने नहीं बख्शा तो आम जनता के साथ कैसा सलूक होता होगा।

## बहुत हो गया, राष्ट्रघातियों पर हो कार्यवाही: संत मदनगोपाल दास



**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। सनातन धर्म को समाप्त करने की कुचेष्टा राष्ट्रघातियों, धर्मद्रोहियों की लंबे समय से चली आ रही योजना का खुलासा हुआ है। देश की न्याय पालिका ऐसे गंभीर मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कठोर कदम उठाए। मंगलवार को सनातन धर्म पर जिस निर्भयता से मौजूदा समय में दानव अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। साबित होता है कि हमारे कानून भारतीय धर्म के सम्मान और उसकी रक्षा करने में लचर-पचर हैं। भारत सरकार को भारतीय जनमानस को आक्रोशित करने वाले ऐसे कुत्सित बयान देने वालों, सनातन के उन्मूलन जैसे विषय पर बोलने वालों के विरुद्ध राष्ट्रद्रोह की धाराओं में मामला दर्ज कर जेल में डालना चाहिए। अन्यथा भारत का वृहद धार्मिक समाज ऐसे अधम पिशाचों को खुद औकात में लाने को विवश हो जाएगा।
ये तीखी प्रतिक्रिया विरक्त संत मण्डल चित्रकूट के सचिव संत मदनगोपाल दास ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना महामारी करार देते हुए उसे खत्म करने के बयान पर गहरी आपत्ति जताई है। संत मदनगोपाल दास ने बताया कि उदयनिधि एवं सनातन उन्मूलन के आयोजकों पर सख्त कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश एवं रजिस्टार सर्वोच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री को विरक्त संत मण्डल की ओर से सामूहिक पत्र भेजा है।

## जनसुनवाई में पुलिस ने प्रदेश में पाया अव्वल स्थान , 75 जिलों में चित्रकूट पुलिस पहले नम्बर पर

**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। जनसुनवाई पोर्टल में जनसमस्याओं के जल्द निस्तारण की रिपोर्ट की समीक्षा शासन स्तर से प्रतिदिन होती है। माह अगस्त में जनसुनवाई पोर्टल में मिली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की बाबत जिले को अव्वल स्थान मिला है। जिला पुलिस को प्रदेश के 75 जिलों में पहला स्थान मिलने पर लोगों ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की कार्यशैली की सराहना की है।
मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी आईजीआरएस चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, निरीक्षक/ प्रभारी आईजीआरएस प्रदीप कुमार यादव ने उच्चाधिकारियों से मिले निदेर्शों का पालन कराते हुये कड़ी मेहनत की है। माह अगस्त में सूबे के मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी/जनसेवा, संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जिला पुलिस के सभी संदर्भों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया। आईजीआरएस शाखा के सिपाही मानवेन्द्र सिंह व महिला सिपाही अनीशा बानो, महिला सिपाही मीरा यादव ने जिले के सभी थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों ने कड़ी मेहनत कर सभी संदर्भों की ऑनलाइन फीडिंग की। प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में अहम भूमिका निभायी। इससे जिले को जनसुनवाई मामलों में पहला स्थान मिला है। सभी संदर्भों की ऑनलाइन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जिले के सभी 12 थानों को पहला स्थान दिया गया है। प्राप्त संदर्भों में असंतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत महज दसमलव 25 फीसदी है।

## शिक्षकों के सम्मान से संवरेगा भविष्य: विधायक , उत्कृष्ट कार्य को सम्मानित हुए शिक्षक: अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति-द्वितीय राष्ट्रपति महान शिक्षाविद दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस में विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चंद द्विवेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की मौजूदगी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर सभागार में शिक्षक दिवस पर अशोक कुमार, सर्वजीत सिंह, रविंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार तिवारी, राकेश कुमार गुप्ता, आशीष कुमार चैरसिया, अरुण कुमार रजक समेत 30 शिक्षक, अनुदेशक व शिक्षामित्र को शिक्षक सम्मान समारोह में साल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
मंगलवार को विधायक अविनाश चंद द्विवेदी ने कहा कि जिले में शिक्षा क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी का योगदान है। जिले में सभी स्कूल अच्छे हैं, सभी स्कूलों में टाइल्स लगे हैं। जो स्कूल बचे हैं, जल्द सही कराये जायेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया है। इस क्षेत्र में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी ने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवार्ड से भी सम्मानित किया है।
जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि शिक्षक, छात्र व अभिभावकों का जीवन बनाते हैं। शिक्षक राष्ट्र निमार्ता के रूप में समाज निमार्ता के रूप में अहम भूमिका निभाते हैं। भौतिक के साथ शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लायें। शिक्षक जीवन व परिवार में कैसे बदलाव कर सकते हैं, शिक्षकों पर निर्भर है। जिन बच्चों को पढ़ा रहे हैं, वह बच्चा कल क्या करेगा, शिक्षकों पर निर्भर है। शिक्षक सम्मान समारोह का संचालन साकेत बिहारी ने किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय शिवरामपुर की छात्राओं ने डांस पेश किया। शिक्षक सम्मान समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट शिवरामपुर डॉ आदर्श त्रिपाठी व खंड शिक्षा अधिकारी समेत शिक्षक मौजूद रहे।

# अभ्युदय कोचिंग से तैयारी कर बनें आईएएस: डीएम

## अभ्युदय कोचिंग सेन्टर का डीएम ने किया शुभारम्भ




**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने राजकीय जिला पुस्तकालय का फीता काटकर लोकार्पण कर मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया।मंगलवार को जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी समाज के उत्थान में लाइब्रेरी की स्थापना बहुत जरूरी है। उन्होंने तीन माह पहले इस राजकीय जिला पुस्तकालय को देखा था। इसमें पानी, विद्युत, शौचालय आदि नहीं थे। अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ को निर्देश दिए थे कि राजकीय जिला पुस्तकालय का सुन्दरीकरण करायें। एक्सईएन लोनिवि ने जल्द ये कार्य कर बधाई के पात्र हैं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि मुख्य विकास अधिकारी से नीट, जेईई, पीसीएस, आईएएस की तैयारी करने को नई किताबों की व्यवस्था करायें। लाइब्रेरी में समाचार पत्र भी मंगवायें। नगर के लोग लाइब्रेरी का लाभ उठा सकें। समाज की गरिमा ऊंची हो, ये सभी सुविधायें लाइब्रेरी में होनी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना लागू की थी, संचालन अभी तक गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय में होता रहा है। आज से राजकीय जिला पुस्तकालय में सुविधा मुहैया कराई है। ये सभी सुविधायें आपकी हैं, साफ-स्वच्छ बनाए रखें। अपनी संपत्ति की भांति प्रयोग करें। शिक्षकों के पठन-पाठन का भी वे फीडबैक समय-समय पर लेते हैं। पढ़ाई की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। जिस दिशा में रुचि हो, उसकी पढ़ाई कर आगे बढ़कर विभिन्न शासकीय नौकरी पर जायें। लगन-मेहनत से पढ़ाई करें, सफलता अवश्य मिलेगी। जिस मकसद से ये योजना चलाई गई है, उसके परिणाम आने चाहिए। अगली बार की जो भी परीक्षायें हो, उसमें जिले के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट आए, वह जिले का नाम रोशन करें, यही उनकी शुभकामनायें हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस लाइब्रेरी में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर चलेगा। यहां स्मार्ट क्लास बैठने की व्यवस्था है। लोग यूपीएससी, आईएएस, पीसीएस, नीट, जेईई की पढ़ाई की सुविधा मिली है, उसका लाभ उठायें। लोग घर से सीधे पढ़ने आए और पढ़कर सीधे घरों को जायें। टीचर सही न पढ़ायें तो उसके बारे में बतायें। अच्छी पढ़ाई कर आगे बढ़ें। अच्छी तैयारी कर विभिन्न सरकारी पदों पर जायें। लगन से कार्य करें, सभी लोगों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। अभ्युदय कोचिंग सेंटर में छात्रों के बीच पढ़ाने का काम करेंगी।
जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने छह फरवरी 2021 को मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना का शुभारंभ किया था, ये योजना जिले में जून 2022 में शुरू हुई थी। अब शहर मुख्यालय में जिलाधिकारी के सहयोग से अभ्युदय कोचिंग सेंटर का संचालन होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी समेत सभी अधिकारियों एवं अभ्युदय कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, ईओ नगर पालिका लालजी यादव समेत संबंधित लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों का हुआ सम्मान

## शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम



**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों से स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड में ट्रस्ट एवं सदगुरु शिक्षा समिति के संचालित शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आचार्यों का सम्मान भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस पर सम्मान समरोह में बतौर मुख्य अतिथि/सदगुरु ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन, ट्रस्टी मनोज पांड्या, अध्यक्ष शिक्षा समिति श्रीमती उषा जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चैहान की मौजूदगी में कार्यक्रम शुरू हुआ।
मंगलवार को अतिथियों ने पूज्य गुरुदेव एवं डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाया। श्रीमती उषा जैन ने सभी गुरुजनों का स्वागत किया। कहा कि प्रतिवर्ष शिक्षक-शिक्षिकाओं के उपकार के प्रति दायित्व बोध कराने को आता है। गुरु उस माली समान है, जो परिश्रम से विद्यालय की बगिया में छात्रों को पौधे कि भांति सींचकर फलदार पेड़ बनाता है। सभी आजीवन गुरुओं के ऋणी हैं। अतिथियों में श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र तिवारी, विद्याधाम विद्यालय प्राचार्य शंकरदयाल पाण्डेय, सदगुरु पब्लिक स्कूल प्राचार्य राकेश तिवारी, सदगुरु पैरामेडिकल कालेज प्राचार्य दीपक वानी, सदगुरु नर्सिंग स्कूल प्राचार्या मंजुला वानी, कम्प्यूटर इंस्टीटयूट प्राचार्य फिरोज हसन खान का तिलक-चन्दन एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। समस्त विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं का मंच पर माल्यार्पण कर सम्मान हुआ। 74 छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप दी गई। इस मौके पर सदगुरु सेवा संघ, सदगुरू शिक्षा समिति से संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। अंत में ट्रस्टी डॉ जैन ने गुरुजनों के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया।

# शिक्षकों ने सभा में उठाई 18 सूत्रीय मांगें

## सीएम सम्बोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा




**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय की अगुवाई में शिक्षकों ने पुरानी कोतवाली के बाहर जनसभा कर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन बीएसए लवप्रकाश यादव को सौंपा।
शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुरानी कोतवाली के बाहर हुई सभा में शिक्षकों ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों में एक अप्रैल 2005 व उसके बाद नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल की जाये। शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति सुविधायें दी जायें। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन बीएसए लवप्रकाश को सौंपते हुए ज्ञापन में कहा कि शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति सुविधा, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश, कैसलेस चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति, उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भांति चयन वेतनमान में 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को प्रोन्नति वेतनमान समेत 18 सूत्रीय मांग पत्र के निराकरण का अनुरोध कर चुके हैं। अभी तक प्रदेश सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की। इससे प्रदेश के शिक्षक बेहद क्षुब्ध एवं आहत हैं। शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। विभागीय अधिकारियों एवं बेसिक शिक्षकों तथा शिक्षा संबंधित तथ्यों को तोड-मरोडकर समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जा रहा है। इससे शिक्षकों की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। इससे शिक्षकों में भारी आक्रोश है। जिले के शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर एकत्र होकर मांगों के समर्थन में धरना देकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## एएसपी ने परखी भोजन की गुणवत्ता



**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में परेड सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में उन्होंने पुलिस कर्मियों की ड्रिल देखी। पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को निर्देश दिये।
मंगलवार को एएसपी ने मैस का निरीक्षण कर भोजन चखा। भोजन की गुणवत्ता देख चैंक गये। भोजन की गुणवत्ता बहुत अच्छी होने पर उन्होंने सराहना की। उन्होंने कैंटीन, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण को निर्देश दिये।

## ‸कर्वी पुलिस ने एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने गोवध अधिनियम के वारंटी खमोश पुत्र राजबहादुर निवासी बूढ़ा सेमरवार को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह व सिपाही संजय पाल शामिल रहे।

## सरधुवा पुलिस ने पांच के कब्जे से पकडी 32 लीटर शराब

**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने पांच लोगों के कब्जे से 32 लीटर महुआ शराब व 38 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।
मंगलवार को सरधुवा थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने भोलाराम पुत्र भोंदू प्रसाद निवासी तीरधुमाई सुर्की के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण तथा 40 किलो लहन समेत गिरफ्तार किया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।
सरधुवा थाने के दरोगा राजेश राय की टीम ने अश्विनी पुत्र मोतीलाल निवासी अरछा बरेठी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है।
सरधुवा थाने के दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने कामता निषाद पुत्र स्व विजय बहादुर निवासी अरछा बरेठी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है।
पहाडी थाने के दरोगा रविकान्त राय की टीम ने पकुई पत्नी चुनकू निवासी सकरौली के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने धनराज सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह निवासी उड़की माफी के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

## अध्यक्ष ने समस्यायें सुन मौके पर निपटाई, नगर पालिका में लगा समाधान दिवस



**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। नगर पालिका परिषद कर्वी में नगरीय समाधान दिवस में ढाई सौ फरियादियों की समस्याओं को अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व ईओ ने सुना। समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें विद्युत विभाग की पहुंची। पालिका क्षेत्र के विस्तारित क्षेत्रों में विद्युतीकरण न होने का मुद्दा छाया रहा।
मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के समक्ष विद्युतीकरण का मुद्दा उठा। कहीं तारें जर्जर हो गई हैं, आए दिन फॉल्ट और तमाम तरह की समस्यायें होती हैं। घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के एसडीओ को समस्या समाधान के कडे निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के भी फरियादी पहुंचे। संबंधित विभागों को सभी पत्रों पर कार्रवाई करके समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।
समाधान दिवस में अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, वार्ड मेम्बर विनीत पयासी, बद्री, शंकर यादव, अनुज निगम, बल्लू राम निषाद, बृजेंद्र शुक्ला, राजकमल वर्मा, शुभम केशरवानी, अरुण त्रिपाठी उर्फ जग्गू भाई समेत एसडीओ विद्युत अनिल कुमार, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, जल संस्थान के जेई मुलायम सिंह यादव, डूडा के जिला समन्वयक अविनाश भारद्वाज, अजय कुमार, लिपिक कर्मोत्तम सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, सुभाष गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, अंकित जायसवाल, शिवा कुमार, सलीम शहजादे, राजस्व निरीक्षक राहुल पांडेय, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रकाश निरीक्षक अशरफ आदि मौजूद रहे।

## सितम्बर तक आडिटोरियम करायें पूरा: डीएम

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने ऑडिटोरियम एवं विकास भवन में निर्मित आजीविका भवन का निरीक्षण किया।
मंगलवार को जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम में फॉल सीलिंग, विद्युत वायरिंग, सेंसर, वीआईपी रूम, ग्रीन रूम, स्टोन, पेंटिंग कार्य, प्रायलिंग, फ्रेमिंग विभिन्न कार्यों को देखा। कार्यों में प्रगति न होने पर परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम के प्रति नाराजगी जताई। जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ पेनाल्टी लगायें। प्रत्येक दशा में सितंबर में जो कार्य शेष हैं, उन्हें पूरा कराकर हैंडओवर करायें। उन्होंने परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिए की पेंटिंग कार्य तेजी से करायें। जो मिट्टी की भराई करनी है, उसे तत्काल करायें। जिलाधिकारी व सीडीओ ने विकास भवन में निर्मित आजीविका भवन देखा। भवन में फ्लोरिंग, ट्रेस का कार्य, ग्लेजिंग, बिग वर्क, वाटर सप्लाई, स्टोन ग्राइंडिंग आदि कार्य देखकर कहा कि इस भवन का कार्य भी तेजी से करायें।

## नेपाल में डेढ़ दशक पुराने हत्याकांड में विधायक अनिरुद्ध सिंह यादव गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में मधेश प्रदेश के सप्तरी से निर्दलीय विधायक अनिरुद्ध सिंह यादव को डेढ़ दशक पुराने हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह गिरफ्तारी जिला अदालत के आदेश पर की है। सप्तरी जिला पुलिस के प्रवक्ता डीएसपी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि सन 2008 में 32 वर्षीय गोविंद चौधरी की हत्या के मामले में अनिरुद्ध सिंह यादव को बीते दिवस राजविराज से गिरफ्तार किया गया है। नौ महीने पहले हुए प्रदेश सभा चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीते यादव पुलिस और अदालत की फाइल में अब तक फरार थे।विधायक अनिरुद्ध सिंह यादव की



गिरफ्तारी की जानकारी पुलिस ने प्रदेश सभा को दी है। प्रदेश सभा के सचिव रंजीत यादव ने बताया कि यह जानकारी सदन को दी गई है। नेपाल में संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक किसी भी जनप्रतिनिधि पर फौजदारी अभियोग लगते ही उसकी सदस्यता स्वतः निलम्बित हो जाती हालांकि गिरफ्तार विधायक के निलम्बन पर आज आधिकारिक फैसला लिया जाएगा।

## बुशरा बीबी को गिरफ्तारी की आशंका, लाहौर हाई कोर्ट से लगाई गुहार

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका व्यक्त करते हुए लाहौर हाई कोर्ट का दरवाजा



खटखटाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुशरा बीबी ने अपने वकील मुश्ताक अहमद मोहल के माध्यम से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।याचिका में संघीय और प्रांतीय सरकारों के साथ-साथ कानून प्रवर्तन एजेंसियों को प्रतिवादी बनाया गया है।

## कोलंबिया में गोरिल्ला समूहों में संघर्ष, नौ की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया में दो गुरिल्ला समूहों के बीच शांति वार्ता के बीच घातक संघर्ष नौ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पूर्वी अरौका विभाग के गवर्नर ने कहा कि लड़ाई निहत्थे एफएआरसी और नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) के असंतुष्टों के बीच हुई।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में जारी अधिकारियों के बयानों के हवाले से कहा गया है कि कोलंबिया के गुरिल्ला समूह ईएलएन ने वेनेजुएला में सरकार के साथ चौथे दौर की चर्चा पूरी की। इसमें



संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों के लिए मानवीय सहायता पर समझौते की घोषणा की गई। वार्ता खत्म होने के ठीक बाद जानकारी मिली कि ईएलएन लड़ाके सप्ताहांत से वेनेजुएला सीमा के पास प्यूर्टो रोंडन नगर पालिका में असंतुष्ट तथाकथित सेंट्रल जनरल स्टाफ (ईएमसी) के सदस्यों के साथ संघर्षरत हैं। इस संघर्ष में नौ लोगों की मौत हो गई। देश में गुरिल्ला समूह पांच दशक से वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## 'पुतिन से मिलने रूस जाएंगे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन, हथियांर सौदों पर होगी बातचीत

**प्योंग्यांग/ मॉस्को।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन जल्द ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात के लिए रूस की यात्रा करेंगे। पुतिन और उन की मुलाकात में दोनों देशों के बीच हथियार सौदों पर बातचीत होगी।

जानकारी के मुताबिक यूक्रेन पर रूसी हमला हुए डेढ़ साल से अधिक होने के बाद रूस को हथियारों की जरूरत महसूस हो रही है। उत्तर कोरिया लगातार आधुनिक हथियार बनाकर अमेरिका सहित पश्चिमी जगत को चुनौती दे रहा है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस को भी अमेरिका सहित पश्चिमी देशों से मोर्चा संभालना पड़ रहा है। ऐसे में रूस और उत्तर कोरिया की निकटता बढ़ने की बात कही जा रही है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच इस महीने मुलाकात हो सकती है। दावा किया गया है कि यह



मुलाकात रूस में होगी और पुतिन व उन के बीच होने वाली बैठक में हथियार सौदे को लेकर बातचीत होगी। इस रिपोर्ट का दावा है कि इस मुलाकात के बाद उत्तर कोरिया की ओर से रूस को यूक्रेन युद्ध के लिए हथियारों की आपूर्ति शुरू की जा सकती है। माना जा रहा है कि रूस, उत्तर कोरिया से लंबी दूरी की मिसाइलें खरीद सकता है। उत्तर कोरिया भी इस समझौते को लेकर उत्सुक है। यही वजह है कि आम तौर पर देश से बाहर न निकलने वाले उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन रूस के दौरे की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिका उत्तर कोरिया से रूस को हथियारों की आपूर्ति को लेकर पहले से चिंतित है। अमेरिका ने पिछले सप्ताह ही रूस को उत्तर कोरिया से गुप्त बातचीत को लेकर चेतावनी दी थी। अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता एड्रियन वाटसन ने कहा कि हम पहले ही सार्वजनिक रूप से चेतावनी दे चुके हैं कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच हथियारों के समझौते को लेकर बातचीत हो रही है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने पिछले साल भी रूस को रॉकेट और मिसाइल की आपूर्ति की है, जिनका इस्तेमाल वैगनर ग्रुप द्वारा किया गया था। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई सोइगु ने भी पिछले महीने उत्तर कोरिया का दौरा किया था। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र संघ में अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और जापान ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा था कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने वाला कोई भी समझौता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का उल्लंघन माना जाएगा।

## प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर का नेता अब्दुल बातेन बांग्लादेश में गिरफ्तार

**ढाका।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के नेता अब्दुल बातेन को बांग्लादेश में गिरफ्तार कर लिया गया है। रैपिड एक्शन बटालियन ने राजधानी ढाका के मोहम्मदपुर से उसे गिरफ्तार किया। साठ वर्षीय अब्दुल बातेन प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के शीर्ष नेतृत्व का हिस्सा है। वह चार प्रमुख मामलों में भगोड़ा घोषित था।

बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन को उसके राजधानी के मोहम्मदपुर में छिपे होने की जानकारी मिली। इस पर रैपिड एक्शन बटालियन की दूसरी टुकड़ी ने छापा मारकर अब्दुल बातेन को गिरफ्तार कर लिया। रैपिड एक्शन बटालियन ने जानकारी दी कि अब्दुल बातेन के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत तीन मामले और एक विशेष अधिकार अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था। इनमें से दो मामले शेर-ए-बांग्ला नगर पुलिस स्टेशन में और एक-एक मामला हज़ारीबाग़ पुलिस स्टेशन और मानिकगंज जिले के दौलतपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज है। इन चारों मुकदमों में वह फरार चल रहा था।

बातेन आतंकी संगठन हिज़्ब-उत-तहरीर के दावती और वित्त विभाग का सक्रिय सदस्य है। वह ढाका सहित देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी पुस्तकों को बढ़ावा देने और युवाओं को आतंकवाद में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने में लगा हुआ था। वह उग्रवादी समूह की बांग्लादेश शाखा के अमीर के साथ नियमित संपर्क में था और राज्य विरोधी और सरकार विरोधी पर्चे वितरित करता था। बातेन पांच साल पहले छिप गया था, लेकिन उसकी आतंकवादी गतिविधियां लगातार जारी थीं।

## नेपाल के अरुण हाइड्रोपावर की क्षमता 474 से बढ़ा कर 669 मेगावाट की गई

**काठमांडू।** नेपाल में भारत सरकार के करीब 1 हजार करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाले लोवर अरुण हाइड्रोपावर की क्षमता 474.25 मेगावाट से बढ़ाकर 669 मेगावाट की गई है। नेपाल भारत के बीच हुए समझौते के तहत इस हाइड्रोपावर का निर्माण सतलुज जलविद्युत निगम (एसजेएन) द्वारा की जाएगी, जो कि भारत सरकार का ही एक उपक्रम है। इस हाइड्रोपावर निर्माण के लिए आवश्यक वातावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) का काम भी पूरा किया जा चुका है।

सन् 2022 में स्वीकृत इस आयोजना के ईआईए में जलविद्युत् क्षमता बढ़ाने के अलावा उसके निर्माण डिजाइन में भी कई मूलभूत परिवर्तन किया गया है। ईआईए तैयार करने वाली संस्था नेपाल इनवाइरोमेंटल एंड साइंटिफिक सर्विसेज (एनइएसएस) के तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि नए निर्माण डिजाइन में बांध और जलाशय को हटा दिया गया है।

एनइएसएस की तरफ से



सार्वजनिक किए गए नए निर्माण डिजाइन के मुताबिक अब इस हाइड्रोपावर में सुरंगों की लम्बाई और संख्या को बढ़ा दिया गया है। पुराने डिजाइन में रहे भूमिगत विद्युत गृह के बदले अब जमीन पर ही सतही विद्युत गृह बनाए जाने का प्रस्ताव किया गया है। 2022 में तैयार किए गए पुराने डिजाइन में 55 मीटर ऊंचा बांध बनाने का प्रस्ताव किया गया था, जिसे नए ईआईए में हटा दिया गया है। इस हाइड्रोपावर के लिए तैयार किए गए नए प्रस्ताव में दो की जगह अब 6 सुरंग बनाए जाने की बात का उल्लेख है। सुरंग की लंबाई 12 किमी से बढ़ाकर 17.4 किमी कर दी गई है। इसके लिए पहले 161 हेक्टेयर के बदले अब 184 हेक्टेयर जमीन को अधिग्रहित किए जाने की बात उल्लेख है। निर्माण अवधि को 7 साल से घटाकर 5 साल कर दिया गया है जबकि इस पूरी परियोजना की कुल लागत 9212 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 हजार करोड़ कर दी गई है।

## केन्या में पहले अफ्रीका जलवायु शिखर सम्मेलन का आगाज

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी में अफ्रीका का पहला जलवायु शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। इस सम्मेलन में शामिल राष्ट्राध्यक्षों और अन्य लोगों ने वैश्विक मंच पर 130 करोड़ लोगों के महाद्वीप (अफ्रीका) की आवाज उठाई। अफ्रीका के जलवायु को विश्व के दूसरे देशों ने सर्वाधिक प्रभावित किया जबकि प्रदूषण में महाद्वीप का योगदान सबसे कम है।

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो की सरकार और अफ्रीकी संघ ने मंत्रिस्तरीय सत्र की शुरुआत की जिसमें दर्जन भर से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों का आगमन हो रहा है, जो जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर ज्यादा सहयोग एवं वित्तपोषण हासिल करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। रूटो ने जलवायु संकट, अरबों डॉलर की आर्थिक संभावनाओं, नये वित्तीय ढांचे, अफ्रीका के विशाल खनिज भंडार और साझा समृद्धि के सिद्धांत का जिक्र करते हुए कहा, ÷हमने लंबे समय से इसे एक समस्या के रूप में देखा है। लेकिन, इसमें अपार संभावनाएं भी हैं। हम यहां शिकायतों को




सूचीबद्ध करने के लिए एकत्रित नहीं हो रहे हैं।'

'पैन अफ्रीकन क्लाइमेट जस्टिस अलायंस' की मिथिका मवेंडा ने सत्र में शामिल नेताओं से कहा कि 'अब हमारा समय है', क्योंकि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए अफ्रीका को मिलने वाली वार्षिक जलवायु सहायता लगभग 16 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो उसकी वास्तविक जरूरत का दसवां भाग या उससे कम है और प्रदूषण फैलाने वाली प्रमुख कंपनियों के बजट का एक मामूली 'अंश' मात्र है।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के कार्यकारी सचिव साइमन स्टिल ने कहा, 'अमीर देशों ने विकासशील देशों को जलवायु वित्त के रूप में हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई थी। हमें वादे के मुताबिक यह राशि तत्काल उपलब्ध कराए जाने की जरूरत है।

## नवादा के बर्निंग मैन फेस्टिवल के दौरान कीचड़ में फंसे हजारों लोग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नेवादा राज्य में मशहूर बर्निंग मैन फेस्टिवल में हिस्सा लेने गए लोगों को जबर्दस्त मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। नेवादा में हुई जोरदार बारिश के चलते आयोजन स्थल से लेकर रास्तों तक कीचड़ ही कीचड़ हो गया है। इस कीचड़ में हजारों लोग फंस गए हैं। उन्हें निकालने में प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।

अमेरिका के नेवादा राज्य में हर साल बड़ी संख्या में लोग बर्निंग मैन फेस्टिवल



में शामिल होने के लिए इकट्ठा होते हैं। यह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है और नेवादा के रेगिस्तानी इलाके ब्लैक रॉक सिटी में इसका आयोजन होता है। 27 अगस्त को इस फेस्टिवल का आयोजन शुरू हुआ। शनिवार को आयोजन के दौरान लगातार 24 घंटे की मूसलाधार बारिश ने आपदा जैसे हालात बना दिए। बारिश के चलते रेत में कीचड़ हो गया। इस कारण लोग वहीं फंस गए हैं। लोग वहां से निकल नहीं पा रहे हैं और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आयोजकों ने प्रशासन की मदद लेकर धीरे-धीरे लोगों को निकालना शुरू किया है। वैसे लोगों को एक साथ न निकलने की सलाह दी गई है ताकि सड़कों पर जाम ना लगे।

बर्निंग मैन फेस्टिवल के दौरान लोग रेगिस्तान में कैंप लगाकर कई दिनों तक रहते हैं। फेस्टिवल के दौरान लोग अपने मोबाइल फोन, अन्य इलेक्ट्रिक गैजेट्स और अन्य सुख सुविधाओं से दूर पारंपरिक नाच गाने और गीत-संगीत का लुत्फ लेते हैं। कीचड़ के हालात को देखते हुए इलाके में सभी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। 1990 में शुरू हुए बर्निंग मैन फेस्टिवल में अब हर साल हजारों लोग इकट्ठा होते हैं। इस साल यह आंकड़ा करीब 70 हजार रहा।

## जिल कोरोना पॉजिटिव, अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन के भारत आने पर संशय

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। व्हाइट हाउस ने कहा कि जिल में कोरोना के हल्के लक्षण मिले हैं। हालांकि राष्ट्रपति जो बाइडन की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। राष्ट्रपति बाइडन की 72 वर्षीय पत्नी को आखिरी बार पिछले साल अगस्त में कोविड हुआ था। राष्ट्रपति को भी आखिरी बार जुलाई 2022 में कोरोना ने



जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली जाने पर भी संशय हो गया है। हालांकि, अभी तक इस बारे में व्हाइट हाउस की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले बाइडन ने कहा था कि वह भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक हैं, लेकिन जी-20 शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शामिल नहीं होने से निराश हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि बाइडन जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए सात सितंबर को भारत जाएंगे। साथ ही इस ऐतिहासिक बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आठ सितंबर को द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

## रूस को हथियार आपूर्ति के आरोपों से दक्षिण अफ्रीका का इनकार

**केपटाउन।** रूस को हथियार आपूर्ति के आरोपों से दक्षिण अफ्रीका ने साफ इनकार किया है। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने इसके लिए एक स्वतंत्र जांच का हवाला दिया है।

वर्ष 2022 की मई में दक्षिण अफ्रीका में अमेरिका के उच्चायुक्त रूबेन ब्रिगेटी ने रूली जहाज लेडी आर के दक्षिण अफ्रीका तट पर खड़े होने का दावा करते हुए रूस को हथियार आपूर्ति से जुड़े आरोप लगाए थे। ब्रिगेटी द्वारा किए गए दावों की सत्यता के बारे में पता लगाने के लिए रामाफोसा ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश फिनीश मोजापेलो की अध्यक्षता में जांच समिति बनाई थी। अब राष्ट्रपति रामाफोसा ने बताया कि जांच समिति की



रिपोर्ट में इन आरोपों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। लेकिन इन आरोपों के कारण दक्षिण अफ्रीका की अर्थव्यवस्था पर हानिकारक प्रभाव पड़ा। देश को संबोधित करते हुए रामाफोसा ने कहा कि जांच समिति को इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि लेडी आर जहाज पर हथियार लदे हुए थे। न ही जांच समिति को इस बात का कोई सबूत मिला कि हथियारों से लदा कोई रूसी जहाज दक्षिण अफ्रीका से रूस की ओर जा रहा हो। रिपोर्ट के अनुसार, साइमनस्टाउन में खड़ा वह जहाज रूसी नहीं था। 2018 में अफ्रीकी राष्ट्रीय रक्षा बल के हथियारों के लिए आर्म्सकोर को ऑर्डर दिया गया था, जिसके वितरण के लिए ही जहाज वहां खड़ा था। ब्रिगेटी का नाम लिए बिना राष्ट्रपति ने कहा कि जिन संस्थाओं और व्यक्तियों ने यह दावा किया था, उन्हें भी जांच के दौरान साक्ष्य पेश करने के लिए बुलाया गया था लेकिन वह कोई भी साक्ष्य पेश नहीं कर सके।

## वित्त मंत्री ने कहा- चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता

**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वैश्विक नेताओं से एक जिम्मेदार वित्तीय प्रणाली बनाने लिए सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने बैंकों और वित्त संस्थानों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके ग्राहक अपने उत्तराधिकारी को नामित करें, जिससे बिना दावा की धन राशि को कम करने में मदद मिल सके। सीतारमण ने यहां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2023 के चौथे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने 'जिम्मेदार वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए वैश्विक सहयोगः समावेशी, लचीला और टिकाऊ' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित




करते हुए कहा कि चाहे रणनीतिक मुद्दा हो, अर्थव्यवस्था का मुद्दा हो या कोई और सभी से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने फिनटेक कंपनियों से साइबर सुरक्षा में निवेश करने का आग्रह किया और कहा कि विश्वास बेहद महत्वपूर्ण है।

वित्त मंत्री ने बैंकों तथा वित्त संस्थानों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके ग्राहक अपने उत्तराधिकारी को नामित करें, जिससे बिना दावा की धन राशि को कम करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि देश में डीमैट अकाउंट्स की संख्या वित्त वर्ष 2019-20 में 4.1 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 10 करोड़ हो गई। इसके साथ ही म्यूचुअल फंड और एसआईपी की भी रिकॉर्ड संख्या दर्ज.की गई है। दरअसल, एक रिपोर्ट के मुताबिक केवल बैंकिंग प्रणाली में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक ऐसी राशि है, जिस पर किसी का दावा नहीं है, जबकि ऐसा कुल धन करीब एक लाख करोड़ रुपये से अधिक बताया गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।